देशबन्धु
संस्कारधानी
5
बिलासपुर
बुधवार 2 अगस्त 2023


**उल्टा पुल्टा**

पिंटू- पड़ोसन की डेथ कैसे हुई?
चिंटू- दाल के भाव बहुत बढ़ने से।
पिंटू- ओए, पागल हो गए हो क्या? ऐसे कैसे हो सकता है!
चिंटू- मैने अपनी आंखों से उसका डेथ सर्टिफिकेट देखा था, उस पर लिखा था-'डेथ ड्यू टू हाई पल्स रेट'!!!

# विपक्ष का मानसिक संतुलन बिगड़ा, 250 करोड़ के गोबर खरीदी में 290 करोड़ का घोटाला बता रहे-भूपेश

## अरपा को टेम्स बनाने का सपना दिखाने वाले आज घर में सो रहे-सीएम

## मंहगाई के लिए केन्द्र सरकार जिम्मेदार




**बिलासपुर** , 1 अगस्त (देशबन्धु)। गोबर घोटाले को लेकर सियासत थमने का नाम नहीं ले रही है। बीजेपी के आरोप पर सीएम भूपेश बघेल ने जमकर निशाना साधा है। सीएम बघेल ने कहा, 250 करोड़ के गोबर खरीदी में 290 करोड़ का घोटाला कैसे हो जाएगा। विपक्ष को सब जगह केवल घोटाला ही दिखता है। वर्षों तक ये गौ माता के नाम पर केवल वोट मांगते रहे। गौशाला में गाय मरती रही और ये कमीशनखोरी करते रहे। प्रदेश के आधे से अधिक गौठान स्वावलंबी हो गए हैं। वहीं बिजली बिल में वृद्धि को लेकर सीएम ने कहा, राज्य सरकार की तरफ से बिजली बिल में अब तक कोई वृद्धि नहीं की गई है। केंद्र सरकार का एनटीपीसी से एग्रीमेंट है. केंद्र से वृद्धि हुई है. सीएम बघेल ने कहा, भारत सरकार के गलत नीतियों के कारण विदेशी कोयला खरीद रहे. उसके कारण उत्पादन लागत बढ़ रहा। उसका भार छत्तीसगढ़ के जनता पर पड़ रहा. विपक्ष का मानसिक संतुलन बिगड़ता जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मंगलवार को बिलासपुर में युवाओं से भेंट- मुलाकात करने पहुंचे। यहां उन्होंने संभाग के आठ जिलों से आए युवाओं को संबोधित किया । इससे पहले जब सीएम बघेल मंच पर पहुंचे तो पूरा इंडोर स्टेडियम कका अभी जिंदा है के नारों से गूंज उठा । मुख्यमंत्री बघेल ने कहा जब प्रदेश में भेंट मुलाकात शुरू किया, तभी से मेरे मन में युवाओं के बीच जाने की योजना थी । इसलिए रायपुर के बाद अब बिलासपुर में युवाओं के बीच आया हूं मुख्यमंत्री ने यहां एक बड़ी घोषणा भी की। उन्होंने वेटरनरी कोर्स करने वाले युवाओं की मांग पर बड़ी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मोहल्ला क्लिनिक की तरह पशु औषधालय भी खोल जाएंगे ।पशु चिकित्सकों की भर्ती भी होगी।

भेंट मुलाकात युवाओं से कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि अरपा को टेमस बनाने वाले आज घर में बैठे हैं। हम अरपा को अरपा ही बना कर देंगे। बहतराई इनडोर स्टेडियम में मुख्यमंत्री जब युवाओं से सीधी बातचीत कर रहे थे तब मुंगेली एवं कोरबा के युवाओं ने सीएम भूपेश बघेल से पूछा कि अल्पाका उद्गम स्थल तथा अरपा के विकास करने की योजना कैसे बनी। तब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने युवाओं को बताया कि बिलासपुर शहर के साथी अरपा को संवारने के लिए पदयात्रा शुरू किए थे मैं भी अपने कांग्रेस साथियों के साथ बारिश में भीगते हुए अरपा के किनारे पदयात्रा की और उस समय मैं ने घोषणा की थी कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर अरपा का विकास किया जाएगा और हमने अरपा में लगातार 12 में पानी रहे इसके लिए दो बैराज भी बनाए हैं। और अरपा के दोनों और सौदरीकरण भी किया जा रहा है। हम अरपा को अरपा बना कर देंगे लेकिन आज इसे टेमस बनाने वाले घर में बैठे हैं। एक बीएससी की छात्रा ने अपने घर की आर्थिक स्थिति को लेकर कहा कि उन्हें स्कूटी से कॉलेज जाने में काफी परेशानी हो रही है। पेट्रोल डीजल के दाम कब कम होंगे ऑटो में भी बहुत पैसा खर्च होता है ।तब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छात्रा को बताया कि महंगाई के लिए ऊपर बैठे लोग जिम्मेदार हैं।

## संपादकीय

### रोजगार सृजन से बढ़ेगी उत्पादकता

*छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने रोजगार के नए अवसर बढ़ाने के कई प्रयास किए हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ी सरकार की योजनाओं से भी इसमें मदद मिली हैं। ग्रामीण औद्योगिक पार्कों में शुरू हुई नई-नई गतिविधियों से ग्रामीणों के लिए रोजगार के नए रास्ते खुले है। हर युवा का सपना होता है कि उसके पास एक लाभप्रद रोजगार की स्थाई साधन हो। राज्य सरकार इस कोशिश में आगे बढ़ रही है। उद्योग के क्षेत्र में नए निवेश को आकर्षित करने के साथ ही राज्य के युवाओं का कौशल बढ़ाने की योजना पर काम चल रहा है। राज्य सरकार राज्यभर में संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) में 6 नए ट्रेड शुरू करने जा रही हैं। इसके लिए टाटा की कंपनी से एमयूओ भी किया गया है। राज्य में अभी लाखों की संख्या में युवा ऐसे हैं, जिनके पास रोजगार नहीं है। ऐसे युवाओं को सरकार 2500 रूपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दे रही है। यह भत्ता दो साल तक ही उन्हें मिलेगा। इस बीच सरकार प्रयास करेगी कि उन्हें कोई न कोई लाभप्रद रोजगार उपलब्ध करा दिया जाए। इसके लिए युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने का भी काम साथ-साथ चल रहा है। युवाओं के हाथ में रोजगार हो तो राज्य में उत्पादकता बढ़ती है और आर्थिक विकास को गति मिलती है। छत्तीसगढ़ तेजी से आगे बढ़ता हुआ एक ऐसा प्रदेश है जहां विकास की संभावनाएं असीमित हैं। पहले यहां न तो अच्छी सड़कें थीं और न ही परिवहन के अच्छे दूसरे साधन थे। पृथक राज्य बनने के दो दशक में राज्य ने देश-दुनिया का ध्यान खींचा है। कई बड़े उद्योगपति यहां उद्योग स्थापित करना चाहते हैं क्योंकि यहां नए उद्योगों के लिए सभी साधन मौजूद थे। राज्य में बिजली, पानी तथा कच्चे माल की कोई कमी नहीं है। जैसे-जैसे आर्थिक विकास को गति मिल रही है वैसे-वैसे हर क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ रही हैं। यहां श्रम भी अपेक्षाकृत सस्ता है। ऐसी स्थिति में यदि कौशल विकास से जोड़कर युवाओं को तैयार किया जाए तो स्टार्टअप के इस दौर में वे खुद भी नई संभावनाएं तलाश कर सकते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बेरोजगारी भत्ते की चौथी किश्त युवाओं को जारी करते हुए कौशल विकास के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कम अविध के कौशल प्रशिक्षण के जरिए 10 हजार युवाओं को हर साल तैयार करने की सरकार ने योजना बनाई है। बेरोजगारी भत्ता पाने वाले हजारों युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर क्षेत्रीय उद्योगों में रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। आईटीआई में नए ट्रेड शुरू होने से ऐसे युवाओं के लिए कौशल विकास के और भी अवसर बढ़ेंगे। सरकार का लक्ष्य हर हाथ को काम का होना चाहिए। देश के बेरोजगारी इंडेक्स में छत्तीसगढ़ कम बेरोजगारी वाले राज्यों में शामिल है। इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि राज्य की आर्थिक-सामाजिक स्थिति में रोजगार के अपने स्त्रोत भी कम नहीं है। युवाओं के लिए नई योजनाएं लागू कर इसे और उन्नत और संभावनापूर्ण बनाया जा सकता है। अच्छी बात यह है कि सरकार ने राज्य में इसकी शुरूआत कर दी है। आने वाले समय में इसके परिणाम दिखाई दे सकते हैं।*

## सार-संक्षेप



### नवपदस्थ आईजी डॉ. आनंद छाबड़ा ने किया पदभार ग्रहण

**बिलासपुर** , 1 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन, गृह (पुलिस) विभाग, नवा रायपुर द्वारा जारी आदेश स्थानांतरण आदेश के परिपालन में आज बिलासपुर रेंज में नवपदस्थ पुलिस महानिरीक्षक डॉ. आनंद छाबड़ा द्वारा पदभार ग्रहण किया गया। डॉ. आनंद छाबड़ा भारतीय पुलिस सेवा संवर्ग के वर्ष 2001 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी हैं। डॉ. आनंद छाबड़ा छत्तीसगढ़ राज्य में कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं, जिनमें राज्य के इंटेलीजेंस चीफ सहित रायपुर रेंज और दुर्ग रेंज में पुलिस महानिरीक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। डॉ. छाबड़ा पूर्व में बिलासपुर रेंज अंतर्गत जिला रायगढ़ और जिला जॉंजगीर-चाम्पा में पुलिस अधीक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। नव पदस्थ पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज डॉ. आनंद छाबड़ा के पदभार ग्रहण दौरान पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष कुमार सिंह, अति.पुलिस अधीक्षक बिलासपुर(शहर) राजेन्द्र जायसवाल, अति.पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) राहुल देव शर्मा, और पु.म.नि.कार्या.रेंज बिलासपुर उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुशीला टेकाम और उप पुलिस अधीक्षक जेरोल लकड़ा तथा रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र गुप्ता, निरी./थाना प्रभारी सिविल लाईन परिवेश तिवारी सहित पु.म.नि.कार्या. बिलासपुर रेंज में कर्तव्यरत अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नए कलेक्टर संजीव कुमार झा ने कार्यभार ग्रहण किया




**बिलासपुर** , 1 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के नए कलेक्टर संजीव कुमार झा ने आज कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने निवर्तमान कलेक्टर सौरभ कुमार से शाम जिला कार्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम निपटने के बाद दोनों कलेक्टर एक साथ कलेक्टोरेट पहुंचे और चार्ज का आदान प्रदान किया। उन्होंने गुलदस्ता भेंटकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि गत दिवस हुए प्रशासनिक फेरबदल में बिलासपुर कलेक्टर सौरव कुमार का तबादला कोरबा एवं कोरबा के कलेक्टर संजीव कुमार झा का तबादला बिलासपुर हुआ है। श्री झा वर्ष 2011बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

### रोटरी क्लब ऑफ क्वींस ने मोपका में किया पौधारोपण

**बिलासपुर** , 1 अगस्त (देशबन्धु)। रोटरी क्लब ऑफ क्वींस बिलासपुर ने अपने कार्यक्रम हरियाली उत्सव के तहत् पर्यावरण को संतुलित बनाये रखने हेतु वृक्षारोपण के कार्यक्रम को मोपका के प्रयास पब्लिक स्कूल में सम्पन्न किया । रोटरी क्वींस ने आम , अशोक एवम् कदम के छायादार वृक्षों का चयन किया । कार्यक्रम के आयोजन का उददेश्य लगातार हो रही वनों की कटाई से असंतुलित पर्यावरण को संतुलित करना तथा बच्चो को पर्यावरण के प्रति जागरुक करना बताया। रोटरी क्लब ऑफ क्वीन्स ने प्रत्येक माह इस आयोजन के माध्यम से ज़्यादा से ज़्यादा वृक्षारोपित करने का संकल्प लिया। क्वींस की अध्यक्ष आँचल अगीचा ने उपस्थित बच्चों को पौधों के महत्त्व को समझाते हुए उन्हे संरक्षित करने की शिक्षा दी। क्लब मेंबर के साथ साथ स्कूल के बच्चों ने भी वृक्षारोपण किया।

## बिलासपुर-नागपुर सेक्शन के तीसरी लाइन में इंटरलॉकिंग 7 ट्रेनें रद्द

**बिलासपुर**, 1 अगस्त (देशबन्धु) ।रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु हावड़ा-मुंबई मैन लाइन पर स्थित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत बिलासपुर-नागपुर सेक्शन में तीसरी लाइन में इलेक्ट्रोनिक इंटरलोकिंग का कार्य किया जाएगा ।यह कार्य 04 अगस्त को 09.00 बजे से 05 अगस्त को 03.00 बजे तक अर्थात 18 घंटे का किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों को रद्द किया जा रहा है, जिसकी जानकारी इस प्रकार है।

### रद्द होने वाली गाडियां

4 अगस्त को रायपुर से चलने वाली 08707 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। दुर्ग से चलने वाली 08708 दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । रायपुर से चलने वाली 08709 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । 5 अगस्त को डोंगरगढ़ से चलने वाली 08710 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । 4 अगस्त को रायपुर से चलने वाली 08729 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । 5 अगस्त को डोंगरगढ़ से चलने वाली 08730 डोंगरगढ़- रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । 4 अगस्त को अंतागढ़ से चलने वाली 08815/08816 अंतागढ़-रायपुर-अंतागढ़ डेमू स्पेशल रायपुर एवं दुर्ग के बीच रद्द रहेगी ।

## नदियों का चीर हरण कर रही है कांग्रेस सरकार- कौशिक

### पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने प्रदेश सरकार पर लगाया आरोप



**बिलासपुर** , 1 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि पिछले पौने पांच सालों में प्रदेश में ऐसी कोई नदीं व घाट नहीं हैं, जहां रेत का अवैध उत्खनन न हो रहा हो। जिधर देखों उधर रेत का अवैध उत्खनन जोरों पर है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में प्रदेश सरकार ने स्वयं स्वीकार है कि केवल 1 जून 2021 से 25 जून 2023 तक बिलासपुर जिले में ही 143 शिकायतें अवैध रेत उत्खनन के प्राप्त हुए है जो की एक चिंता का विषय है जब बिलासपुर जिले में ही सैकड़ों की संख्या में शिकायतें प्राप्त हो रही है तो इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भूपेश राज में किस तरह से संरक्षण का खेल चल रहा है। उन्होंने कहा कि अवैध रेत के मोटी कमाई से सीधे सरकारी राजस्व को नुकसान हो रहा है। हाल ही में ही राजधानी के समीप आरंग में चिखली और हरदी डी जहां पर प्रदेश सरकार के संरक्षण में अवैध रेत उत्खनन चल रहा था जो कि कोई आम उत्खनन नहीं है इस उत्खनन से एक दिन में ही 50 लाख रू के राजस्व की हानि हुई और भारी मात्रा में भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज में छत्तीसगढ़ में एनजीटी के नियमों की धज्जियां उड़ रही है उनके आदेशों के बाद भी अवैध उत्खनन हो रहा है भूपेश राज में कांग्रेसियों की मनमानी चल रही है प्रदेश अब एनजीटी के नियमों से भी उपर आ चुके है, जिनके अवैध रेत उत्खनन के कारण लगातार बेकसूरों की जान जा रही किन्तु प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मौन बैठे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज में जिस प्रकार से माफियाओं का द्वारा अवैध उत्खनन कर छत्तीगढ़ की प्रकृतिक संसाधनों का दोहन किया जा रहा है, प्रदेश की प्राकृतिक संरचना ध्वस्त होने के कगार पर है और पूरी कांग्रेस की सरकार नदियां का चीर हरण करने में लगी हुई है। सवाल यह है कि आखिर सरकार इन सब मामले पर मौन बैठकर माफियाओं को संरक्षण क्यों दे रही है है प्रदेश सरकार की मौनता ही अनेक सवालों को जन्म देती है।

## बसपा के 19 कार्यकर्ताओं ने विधायक बांधी के नेतृत्व में थामा भाजपा का दामन



**बिलासपुर** , 1 अगस्त (देशबन्धु)। मस्तूरी विधानसभा में मस्तूरी विधायक डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी के नेतृत्व में लगातार लोग उनकी सक्रियता और कार्यप्रणाली को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। जिसमें अब पार्टी के नए सदस्य के तौर पर झलमला ग्राम के बसपा से जुड़े 19 अनूसूचित वर्ग के युवाओं ने पहली बार मस्तूरी विधायक के नेतृत्व में भाजपा का दामन थाम कर राजनैतिक गलियारों में हलचल तेज कर दी है ।

बता दें कि भूमिपुजन कार्यक्रम में पहुंचे झलमला पहुंचे मस्तूरी विधायक ने युवाओं को माला व भगवा वस्त्र पहना कर भाजपा की सदस्यता दिलाई ।इतना ही नही अभी कुछ और लोग बहुत जल्द बीजेपी का दामन थामने जा रहे हैं. इससे पहले खांडा में 107 लोग कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल होकर मस्तूरी विधायक को अपना नेता मान चुके है वहीं बेलपान खपरी में पूरे के पूरे गांव में भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा था जिसके बाद सिलसिलेवार तरीके से बिनोरीडीह, किसान परसदा, चकरबेढा के सैकड़ों ग्रामीण भाजपा का दामन थाम चुके है। भाजपा की सदस्यता लेने वालों में मुख्य रूप से ग्राम झलमला के भरत लाल सूर्यवंशी, अनिल कुमार, सूर्यप्रकाश, लोरिक लाल, शशि कुमार, कृष्णा कुमार, करण कुमार, राजा बाबू ,अर्जुनलाल, मनोज कुमार, देव कुमार, अमन कुमार ,संतोष कुमार लश्कर, सुंदरलाल ,संतोष कुमार लहरें, जितेंद्र कुमार, अजय खरे, राजू खरे, दिलीप सूर्यवंशी समेत अन्य लोग शामिल थे।

## मेयर रामशरण यादव को राज्य संगठन आयुक्त ने पहनाया स्कार्फ



**बिलासपुर**,1 अगस्त ( देशबन्धु) । भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला संघ के राज्य संगठन आयुक्त सीएल चंद्राकर ने 1 अगस्त को विश्व स्कार्फ दिवस के अवसर पर मेयर निवास में महापौर रामशरण यादव को स्कार्फ पहनाकर और फ्रेंडशिप नॉट लगाकर स्वागत किया। जिला संगठन आयुक्त स्काउट विजय कुमार यादव ने पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका सम्मान किया। आयुक्त श्री चंद्राकर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय विश्व स्काउट जम्बूरी लंदन में विश्व स्कार्फ दिवस की स्मृति में 1 अगस्त को विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस मनाया जाता है। उन्होंने स्कार्फ दिवस के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर रोवर लीडर डॉ. प्रदीप, रेंजर लीडर सरना सिघा, रोवर लीडर महेन्द्र बाबू टण्डन, शिव कुमार साहू, सूर्यकांत खूंटे, शिवा यादव, रोवर कृष्ण कुमार साहू, विकास पटेल, चंद्रशेखर पंकज, रेंजर मुस्कान मैत्री, स्नेहा यादव, रागिनी यादव, ध्वनि हुमने आदि मौजूद रहे।

## बोदरी में कॉलेज खोलने की मांग



**बिलासपुर** , 1 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पंचायत बोदरी के वरिष्ठ पार्षद विजय वर्मा में छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल को ज्ञापन देकर नगर पंचायत बोदरी में महाविद्यालय खोलने की मांग की। बिलासपुर की बाद नगर पंचायत बोदरी तेजी से विकसित हो रहा है ।नगर के छात्र छात्राओं की सुविधा हेतु एक महाविद्यालय अतिआवश्यक जरूरत की मांग पर उच्च शिक्षा मंत्री ने शीघ्र ही खोलने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर पार्षद विजय वर्मा ,प्रदेश सचिव युवक कॉग्रेस आशीष गोयल ,राज चौहान, मनोज पाटकर,पार्षद प्रतिनिधि विजय सिहोरे, राजीव मितान क्लब के राम वासवानी, पार्षद वीरेंद्र कौशिक आदि स्थानिय लोग उपस्थित थे।

## सीयू में फीस बढ़ाने का आदेश वापस लेने एबीवीपी ने किया धरना प्रदर्शन

### यूजी पीजी और पीएचडी में 15 हजार तक की वृध्दि

**बिलासपुर**,1 अगस्त ( देशबन्धु) । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गुरु घासीदास विश्वविद्यालय इकाई के द्वारा आज विश्वविद्यालय प्रशासन को यूजी पीजी और पीएचडी में बढे हुए बेतहाशा फ़ीस को वापस लेने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन देने से पहले जब विश्वविद्यालय के छात्र यूटीडी परिसर में एक साथ खड़े हो रहे थे तो विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा छात्रों को डरा धमका कर के आंदोलन में जाने से मना भी किया गया। लॉ के एक छात्र में नाम ना बताने की शर्त पर कहा कि उनके विभागाध्यक्ष अजय सिंह के द्वारा कहा की अगर आप आंदोलन में जाते हैं तो आपको फेल कर दिया जाएगा। बावजूद इसके सेंकड़ों की संख्या में कई छात्र यूटीडी से लेकर प्रशासनिक भवन तक रैली निकाली। प्रशासनिक भवन में छात्रों ने जमकर विश्वविद्यालय प्रशासन व अपने ऊपर हो रहे आर्थिक अत्याचार को लेकर नारेबाजी की अंततः घंटे भर बीतने के बाद सीयू के कुलसचिव प्रो. मनीष श्रीवास्तव आये और छात्रों की बात सुनकर उन्होंने आश्वासन दिया की छात्र हित में निर्णय लिया जायेगा। ज्ञात हो की एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने बढे हुए फ़ीस को वापस लेने के लिए दो दिन का समय दिया है और यदि यह नहीं हुआ तो विश्वविद्यालय का मुख्य गेट बंद करने की चेतावनी भी दी है जिसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

इकाई मंत्री इंदीवर ने कहा की इस बेतहाशा फ़ीस वृद्धि से छात्रों के बीच प्रशासन को लेकर भयंकर आक्रोश है।

पीएचडी के छात्र आराध्य ने कहा की अब तक सीयू में यूजी के कोर्स अबतक 15 हजार में हो जाते थे। वहीं अब इसके लिए आने वाले छात्रों को तीस से चालीस हजार रुपये देंगे होंगे, ठीक ऐसे हीं पीजी और पीएचडी में अब चार गुना से आठ गुना तक फ़ीस बढ़ा दी गयी है। महानगर मंत्री जितेंद्र साहू ने कहा की जितना विश्वविद्यालय प्रशासन आज छात्रों के आवाज़ को दबाने के लिए मेहनत कर रही है अगर इसका दस प्रतिशत भी छात्र हित में काम करती तो आज एबीवीपी को यहाँ धरना देने की जरूरत नहीं पड़ती।



कोनी भाग संयोजक अविरल सिंह ठाकुर ने कहा की यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र केंद्रीय विश्वविद्यालय है यदि यहाँ की फ़ीस को इतना बढ़ा दिया जायेगा तो यहाँ का गरीब और जनजाति समाज के बच्चे कहां पढ़ने जायेंगे।

मौके पर बिलासपुर विभाग संयोजक आयुष तिवारी शुभम पाठक,राशि त्रिवेदी, हेमांशु कौशिक,प्रखर साहू, अविनाश, ऐनी रोज, सक्षम सहित सेंकड़ों के संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### ऐसा काम करिए कि आपके जाने के बाद भी लोग याद करें : झा



**कोरबा**, 01 अगस्त (देशबन्धु)। कोरबा से बिलासपुर स्थानांतरण होने के पश्चात् कलेक्टर संजीव कुमार झा के सम्मान में कलेक्ट्रेट के अधिकारियों-कर्मचारियों ने विदाई समारोह का आयोजन कर नई पदस्थापना के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।

कलेक्टर संजीव झा ने बीते 13 माह के कार्यकाल के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि कोरबा एक अलग ही जिला के रूप में महसूस हुआ। औद्योगिक जिले में भूमि अधिग्रहण से लेकर अन्य चुनौतियां भी रहीं, यहां के प्रत्येक कर्मचारियों-अधिकारियों से बहुत कुछ सीखने को मिला। कोरोना खत्म होने के बाद एक स्वस्थ माहौल में कोरबा में नियुक्ति के साथ ही अनुभवी और युवा टीम मिली। इस 13 माह के कार्यकाल में कहीं कोई अप्रिय बात जिला प्रशासन में देखने और सुनने को नहीं मिली, इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। श्री झा ने कहा कि आप जब किसी विभाग या कार्यालय के मुखिया हैं तो आप अपने अधीनस्थ के प्रति विश्वास और भरोसा कायम करिए। यही भरोसा और विश्वास ही सबको एकजुट करता है और समन्वित सफलता दिलाता है। श्री झा ने कहा कि शासन की विश्वसनीयता कलेक्ट्रेट से बनती है, लोगों का एक भरोसा ही है जो उन्हें कलेक्ट्रेट तक निःसंकोच खींच लाती है। वे आपसे मिलने और बात करने से भी नहीं डरते। उन्हें लगता है कि उन्हें यहां न्याय मिलेगा, इसलिए आप भी उनके भरोसे पर खरा उतरिए। कलेक्टर श्री झा ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां के लोग भी बहुत अच्छे हैं, मुझे यह जिला हमेशा याद रहेगा। अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, एसडीएम पाली सुश्री ऋचा सिंह, एसडीएम श्रीमती सीमा पात्रे, संयुक्त कलेक्टर सेवाराम दीवान, डिप्टी कलेक्टर मनोज खाण्डे सहित कलेक्ट्रट के अधीक्षक केएस कंवर एवं अन्य स्टाफ ने श्री झा के व्यवहार, शालीनता की सराहना की और उनसे बहुत कुछ सीखते हुए इसे अपने जीवन में भी उतारने की बात कही।

### सौतेली बेटी से अनाचार करने वाला आरोपी पिता गिरफ्तार

**कोरबा**, 01 अगस्त (देशबन्धु)। मानिकपुर पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक बस्ती में निवासरत नाबालिग के साथ सौतेले पिता ने दुष्कर्म को अंजाम दिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस द्वारा बताया गया कि पति की मौत के बाद 4 बच्चों की मां रोजी-मजदूरी कर पालन पोषण कर रही थी। इसी दौरान महिला के मोबाइल पर एक मिस कॉल आया और उस नम्बर पर कॉल बैक करने के बाद दोनों के बीच बातचीत बढ़ने लगी। जिस व्यक्ति से बात होती थी उसकी पत्नी की मौत हो चुकी है और उसके भी चार बच्चे हैं। इस तरह हालातों ने दोनों के बीच आपसी सहमति बनाई और पति-पत्नी के रूप में रहने लगे। महिला आसपास के घरों में बर्तन धोती तो पति टेंट हाउस में काम कर रहा था। महिला के साथ रह रहे इस सौतेले पिता की नजर उसकी 11 साल की बड़ी बेटी पर खराब होने लगी। कुछ माह पहले अपने हवस का शिकार बनाना चाहा लेकिन नाबालिग ने इसका विरोध किया। जबरन दुष्कर्म को अंजाम देने के बाद उसके भाई और मां को जान से मारने की धमकी देने लगा जिससे नाबालिग डरी-सहमी थी। पिछली रात भी सौतेले पिता ने फिर दुष्कर्म किया। परेशान बेटी ने दूसरे दिन सुबह अपनी मां को आपबीती सुनाई। माँ-बेटी ने पुलिस चौकी पहुँचकर सारी बात बताई। उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के साथ ही पुलिस ने दुष्कर्मी के विरूद्ध धारा 376, 506 भादवि एवं पाक्सो एक्ट की धारा 4 व 6 के तहत अपराध दर्ज करते हुए आरोपी जेल दाखिल कराया।

### डीएसपीएम से 3 कर्मचारी सेवानिवृत्त




कोरबा, 01 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी मर्यादित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह से माह जुलाई में कृष्ण कुमार साहू (अनुभागीय अधिकारी), गोविंद राम सिदार (वरिष्ठ पर्यवेक्षक) एवं बिदेशी (संयंत्र परिचारक श्रेणी एक) कोरबा पूर्व संयंत्र से अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्ति हुये।

प्रशासनिक भवन के कान्फ्रेन्स हाल में आयोजित सम्मान समारोह में संयंत्र के मुख्य अभियंता शैलेन्द्र शर्मा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता अंजना कूजुर, राजेश्वरी रावत, आशीष श्रीवास्तव एवं संजीव कंसल उपस्थित हुए। अतिथियों ने सेवानिवृत्ति कर्मियों को पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति पत्र, कलाई घड़ी प्रदान कर सम्मानित किया। श्री शर्मा ने कहा कि सेवानिवृत्त हो रहे कृष्ण कुमार साहू, गोविंद राम सिदार एवं बिदेशी दास आप तीनों ने अपना कार्य निष्ठा एवं लगन से करते हुये हमारे संयंत्र की सेवा की है। आपका अनुभव, अनुशासन एवं संयंत्र में कार्य करने की शैली सैदव हम सभी को अविस्मरणीय रहेगी। कार्यक्रम का संचालन, नीलम शर्मा, कार्यपालन अभियंता व अभार प्रदर्शन आरपी टण्डन, अधीक्षण अभियंता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हेमलता गुरूपंच, कविता ठक्कर एस.के. डेविड एवं राजकुमार केंवट का सहयोग रहा।

### श्वेता चेट्टी बनी सावन क्वीन

**कोरबा**, 01 अगस्त (देशबन्धु)। रविशंकर शुक्ल नगर की श्रीहरि सहचरी समिति ने सावन उत्सव मनाया। पहला स्थान हासिल कर



श्वेता चेट्टी सावन क्वीन बनीं। वहीं प्रियंका सिंह रनरअप व तीसरे स्थान पर कविता बरूई रहीं। सावन सुंदरी में प्रथम अंजना सिंह, दूसरे स्थान पर रजनी श्रीवास्तव व तीसरे स्थान पर दिव्या गुप्ता रहीं। बालिकाओं के बीच सावन परी स्पर्धा भी हुई जिसमें प्रथम अक्षरा सिंह, द्वितीय सौम्या व तीसरे स्थान पर अनुष्का चेट्टी रहीं। विशेष अतिथि पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल ने महिलाओं के सावन उत्सव के आयोजन को सराहा। विभिन्न स्पर्धाओं के निर्णायक लायंस क्लब की अध्यक्ष ममता रानी वासन, गुरुकुल की संचालिका डिंपल वासन रहीं। इस मौके पर राजश्री पांडेय, रीना जायसवाल, विनीत सिंह, किरण सिंह, गुड़िया सिंह, मीरा बनाफर शशिकला बघेल, कविता शाह, मीरा पांडेय, जुगन सिंह, श्वेता दुबे समेत अन्य मौजूद रहीं।

# डंडा के वार से चोटिल चाची की मौत, भतीजा फरार

### नहाते वक्त बहू को डंडे से मारती थी मृतका तो नाराज हुआ भतीजा



**कोरबा-लेमरू**, 01 अगस्त (देशबन्धु)। बहू को नहाने के दौरान डंडे से अक्सर मारने वाली चाची की हरकत भतीजे को नागवार गुजरी तो उसने डंडे से पीट दिया। चोटिल चाची की कुछ देर बाद हालत बिगड़ी और मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मामला लेमरू थाना अंतर्गत ग्राम नकिया का है। यहां के निवासी समार सिंह ने अपनी चाची सरोज बाई की हत्या कर दिया। बताया गया कि समार सिंह की पत्नी के साथ मृतका सरोज बाई का कल दोपहर विवाद हुआ था। अक्सर सरोज बाई के द्वारा समार सिंह की पत्नी को नहाते वक्त डंडा से मार दिया जाता था। घटना दिनांक को भी जब बहू नहा रही थी तब सरोज ने डंडे से मारा था। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ बात बढ़ने पर तैश में आकर समार सिंह ने चाची सरोज पर डंडे से हमला कर दिया। सिर पर चोट लगी थी लेकिन उस समय कोई ज्यादा चोट नजर नहीं आई और सरोज सामान्य थी। करीब 3-4 घंटे बाद सरोज बेहोश हो गई और जब तक उसे उपचार लाभ मिल पाता, मौत हो गई। माना जा रहा है कि सिर में अंदरूनी चोट लगने के कारण उसकी हालत बिगड़ गई थी। सूचना उपरांत लेमरू पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को मर्ग पंचनामा बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। धारा 302 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश सरगर्मी से की जा रही है।

# कृष्णानगर व गोबरघोरा के ग्रामीणों की बेदखली पर लगी रोक

### भू-विस्थापितों की याचिका पर हाईकोर्ट ने दी व्यवस्था



**कोरबा**, 01 अगस्त (देशबन्धु)। गेवरा-पेण्ड्रा रोड रेल कॉरिडोर जूनाडीह साइडिंग रेल लाइन के अंतर्गत आने वाले ग्राम गोबरघोरा व कृष्णानगर के प्रभावित ग्रामीणों को उच्च न्यायालय से राहत मिली है। इनकी बेदखली को लेकर जारी नोटिस और कार्यवाही पर आगामी आदेश तक स्थगन आदेश किया गया है। इससे प्रभावितों ने काफी राहत महसूस की है।

गौरतलब है कि ग्राम कृष्णानगर के प्रभावित 16 परिवारों का मुआवजा राशि उनकी संपत्तियों के आधार पर काफी कम बनाया गया है। इसी तरह गोबरघोरा के प्रभावित परिवारों के घर, मकान, कुआं, बाड़ी आदि का मुआवजा बना ही नहीं है और राशि अप्राप्त है। कृष्णानगर के प्रभावितों को लंबे संघर्ष के बाद हाल ही में मकानों की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की गई है लेकिन वह भी कम है। इसके अलावा प्रभावितों ने अभी अपने आवास की व्यवस्था नहीं की है और इससे पहले उन्हें बरसात के मौसम में घरों से बेदखल करने के लिए नोटिस 14 जुलाई को जारी किया गया। रेलवे प्रशासन द्वारा जारी की गई नोटिस और जबरिया कार्यवाही के विरोध में ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति के द्वारा कटघोरा एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर गोबरघोरा के प्रभावितों को मुआवजा तथा कृष्णानगर के लोगों को मकान खाली करने के लिए वर्षा ऋतु तक समय देने की मांग की गई।

इधर दूसरी ओर प्रभावितों ने अपने अधिवक्ताओं के जरिए उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका दाखिल कर न्याय की गुहार लगाई। न्यायालय को बताया गया कि याचिकाकर्ताओं को उचित मुआवजा राशि भुगतान नहीं किया गया है। आवेदन की दलीलों को सुनने के बाद न्यायाधीश पार्थ प्रतीम साहू ने याचिकाकर्ताओं को संबंधित भूमि से बेदखल करने के लिए किसी भी तरह की कार्यवाही प्रारंभ करने पर रोक लगाते हुए स्थगन आदेश जारी किया है। इधर बेदखली की कार्यवाही के लिए आज यहां संबंधित अमला पहुंचने वाला था जिसके विरोध में ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपूरन कुलदीप, ललित महिलांगे आदि की अगुवाई में ग्रामीण एकत्र हो गए थे। इनके द्वारा यहां के देवालय में भजन-कीर्तन किया जाता रहा। स्थगन आदेश मिलने की खबर से इन सभी ने राहत महसूस किया है।

### आरआई पदोन्नत भुनेश्वर की वर्दी में लगाया स्टार



**कोरबा**, 01 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश के पुलिस महकमे के विभागीय पदोन्नति समिति के द्वारा विभागीय पदोन्नति कर कोरबा जिले में पदस्थ सूबेदार भुनेश्वर कश्यप को आरआई मोहला मानपुर जिले में पदस्थ किये जाने का आदेश जारी किया गया है। एसपी उदय किरण एवं एएसपी अभिषेक वर्मा ने उन्हें स्टार लगाकर पदोन्नत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। श्री कश्यप मोहला मानपुर नई पदस्थापना के लिए रवाना होंगे।

# जिले के 17वें कलेक्टर सौरभ कुमार ने किया पदभार ग्रहण

**कोरबा**, 01 अगस्त (देशबन्धु)। कोरबा जिले के नवनियुक्त कलेक्टर सौरभ कुमार ने मंगलवार को जिला कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण किया।



कलेक्टर सौरभ कोरबा जिले के 17वें कलेक्टर के रूप में नियुक्त किये गये हैं। पदभार ग्रहण के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर कलेक्टर सौरभ कुमार का स्वागत किया। पदभार ग्रहण के पश्चात कलेक्टर सौरभ कुमार ने जिले के विकास की गति को आगे बढ़ाने के संबंध में कहा कि शासन की योजनाओं का शतप्रतिशत क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता होगी। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, डीएफओ अरविंद पीएम, नवनियुक्त नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, एसडीएम भी उपस्थित थे। कलेक्टर सौरभ कुमार 2009 बैच के आईएएस अधिकारी है। सौरभ कुमार इससे पहले दंतेवाड़ा, रायपुर, बिलासपुर जिले के कलेक्टर रह चुके है। वे चिप्स में सीईओ के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। दंतेवाड़ा रहते हुए नवाचार के क्षेत्र में भी कलेक्टर श्री कुमार ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई थी। दंतेवाड़ा के नक्सल प्रभावित पालनार गांव को कैशलेस गांव में बदलने के लिए उन्हें प्रधानमंत्री के हाथों पुरस्कार भी प्राप्त हो चुका है।

### नवपदस्थ आयुक्त ने किया पदभार ग्रहण



नगर निगम की नवपदस्थ आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने आज निगम कार्यालय साकेत पहुंचकर पदभार ग्रहण किया।। आयुक्त सुश्री ममगाई के साकेत भवन पहुंचने पर निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने उनका हार्दिक स्वागत किया, नवपदस्थ आयुक्त ने अधिकारी कर्मचारियों से उनका परिचय प्राप्त किया तथा सभी को टीम भावना के साथ कार्य करने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया। आयुक्त ने कहा कि नगर के विकास, जनसेवाओं व सुविधाओं पर कार्य करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के त्रुटिरहित संचालन पर विशेष फोकस रखा जाएगा, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का अधिकाधिक लाभ पात्र लोगों तक पहुंचे। नगर की स्वच्छता तथा सफाई कार्यो में और अधिक कसावट लाने की दिशा में बेहतर कार्य किया जाएगा। निगम के विभिन्न विभागों, शाखाओं का सघन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को चुस्त दुरूस्त करने तथा कार्यालय की स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को दिये।

# मिट्टी तेल उड़ेलकर आत्मदाह का प्रयास, समझाइश देकर आवेदन देने कहा गया



**कोरबा**, 01 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को उस वक्त हड़कम्प मच गया जब यहां फरियाद लेकर जनदर्शन में पहुंची एक महिला ने अपने ऊपर मिट्टी तेल उड़ेलकर आग लगाने का प्रयास किया। समय रहते उसे ऐसा करने से रोक लिया गया। जानकारी होते ही अपर कलेक्टर प्रदीप साहू जनदर्शन छोड़कर नीचे पहुंचे और महिला से पूरी जानकारी लेकर उसे समझाइश दिया।

आत्मदाह करने की नीयत से पहुंचीं महिला मूलतः सरगुजा जिले के लखनपुर तहसील अंतर्गत ग्राम तराजू की रहने वाली है। वह अपने पिता के नाम पर 0 .6070 हेक्टेयर भूमि को एक अन्य व्यक्ति द्वारा उनकी माँ को बहला फुसलाकर कर अपने नाम पर किए जाने की शिकायत और रजिस्ट्री को रद्द कराने की मांग करने कोरबा में कलेक्टर जनचौपाल पर पहुँची थी। घटनाक्रम के बाद श्रीमती मुन्नी दास को अपर कलेक्टर प्रदीप साहू ने समझाइश देकर घर भेजा और उन्हें रजिस्ट्री रद्द कराने की सम्पूर्ण प्रकिया को समझाया। अपर कलेक्टर ने महिला के द्वारा मिट्टी तेल लेकर कलेक्ट्रेट आने पर उन्हें भविष्य में ऐसा नहीं करने कहा। उन्होंने महिला की पूरी बात को सुनते हुए अम्बिकापुर अंतर्गत सम्बंधित एसडीएम से तत्काल फोन में बात की और महिला के आवेदन को व्हाट्सएप कर नियमानुसार आवेदन सिविल कोर्ट के माध्यम से जमीन की रजिस्ट्री निरस्त कराने दस्तावेज के साथ आवेदन प्रस्तुत करने कहा गया। महिला मुन्नी दास द्वारा सिविल कोर्ट में आवेदन जमा करने के लिए राशि नहीं होने की जानकारी दी गई तो अपर कलेक्टर श्री साहू ने संबंधित एसडीएम को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने भी कहा गया है। इससे पूर्व भी उक्त महिला को संबंधित तहसीलदार से मिलने कहा गया था, लेकिन वह नहीं मिली थी।

# 10 साल में भी नहीं बन सकी 2 किलोमीटर ग्रामीण सड़क

### कीचड़ भरे रास्तों से आवागमन करते हैं बच्चे और ग्रामीण



**कोरबा-दीपका**, 01 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के कटघोरा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत देवरी के मोहल्ला कोरई में ग्रामवासियों को अच्छी और पक्की सड़क नसीब नहीं हो पा रही है। विगत 10 वर्षों से वे चलने लायक सड़क की राह ताक रहे हैं किंतु न तो पंचायत और न ही प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना विभाग इस पर ध्यान दे रहा है और न ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि। ऐसी स्थिति में ग्रामवासियों को कच्ची और उबड़-खाबड़ सड़क से गुजरने की मजबूरी हर दिन बनी रहती है। खासकर बरसात के दिनों में यह समस्या और बढ़ जाती है जब सड़क पर कीचड़ निर्मित हो जाता है। दुपहिया व अन्य वाहनों के चलने से सड़क की सूरत और भी बिगड़ गई है।

इसी कीचड़ वाली सड़क से होकर कोरई व इस मार्ग पर आधारित मोहल्ले के बच्चे पढ़ने के लिए स्कूल आना-जाना करते है। ग्रामवासियों के लिए भी यही सड़क एक सहारा है। महज 2 किलोमीटर दूरी की इस खराब सड़क के निर्माण में आखिर कहां से कोताही बरती जा रही है और प्रस्ताव, स्वीकृति जैसे कार्य आखिर कहां और क्यों रूके हैं, इसके बारे में तो विभागीय अधिकारी ही बता सकते हैं। दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी के दीपका ब्लाक अध्यक्ष धरमदास गुप्ता (गांधी) ने ग्राम कोरई में व्याप्त सड़क की समस्या का पिछले 10 वर्षों से निराकरण नहीं होने पर जनप्रतिनिधियों को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने दावा किया है कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनाएंगे तब सड़कों की स्थिति बेहतर होगी। श्री गुप्ता ने कहा है कि छात्रों के अच्छे भविष्य के निर्माण के लिए इस सड़क को जल्द से जल्द बनाने का प्रयास होना चाहिए। यदि एक महिने के भीतर सड़क की मरम्मत अथवा निर्माण नहीं कराया जाता है तो नागरिकों के साथ मिलकर आम आदमी पार्टी सड़क की लड़ाई लड़ेगी।

### दुबारा राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर बनाए गए अभय तिवारी



**कोरबा**, 01 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को निभाने के लिए दायित्वों का आवंटन शुरू कर दिया गया है। इसी कड़ी में कांग्रेस के सोशल मीडिया को सशक्त बनाने के लिए नियुक्तियां की गई हैं।कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव के सी वेणुगोपाल, सोशल मीडिया विभाग की राष्ट्रीय प्रभारी व राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत की अनुशंसा पर सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्म के लिए जिले के युवा अभय तिवारी पर संगठन ने पुनः भरोसा जताया है। उन्हें दूसरी बार सोशल मीडिया का राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। अभय राजीव युवा मितान क्लब के कोरबा विधानसभा समन्वयक के महत्वपूर्ण दायित्व का भी निर्वहन कर रहे हैं।

# सिकलिन के मरीज से ब्लड के लिए ली अतिरिक्त राशि, शिकायत



**कोरबा**, 01 अगस्त (देशबन्धु)। बिलासा ब्लड बैंक पर अतिरिक्त राशि रक्त के एवज में वसूले जाने का आरोप कांशीनगर निवासी रूद्रदेव पिता श्यामलाल साहू ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से की गई बताया कि उसका भांजा साहिल साहू सिकल सेल का मरीज है। उसे हर महिने रक्त की आवश्यकता होती है। साहिल का ब्लड ग्रुप ओ पॉजिटिव है। 30 जुलाई को वह अपने भांजे साहिल साहू को रक्त चढ़वाने डॉ. हरीश नायक के अस्पताल में भर्ती कराया तथा ब्लड के लिए उसे बिलासा ब्लड बैंक भेजा गया जहां ब्लड के एवज में उससे 1350 रुपए की मांग की गई। चूंकि भांजे को ब्लड चढ़ाना अति आवश्यक था जिसके कारण उसने 1350 रुपए बिलासा ब्लड बैंक को दिया लेकिन रसीद सिर्फ 450 रुपए की दी गई। रूद्रदेव साहू ने बताया कि सिकलसेल व थैलेसिमिया मरीजों को भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के नियमानुसार निःशुल्क ब्लड, ब्लड बैंकों के द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराया जाना है। ऐसी जानकारी उसे प्राप्त हुई है किंतु ब्लड बैंक के द्वारा अभी भी शुल्क लिया जा रहा है। निजी ब्लड बैंकों के द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर सिकलसेल मरीज और थैलिसिमिया मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध कराने के नाम पर जरूरतमंदों से पैसा वसूला जा रहा है। ब्लड को बेचा जा रहा है। सरकार द्वारा रक्त जांच का शुल्क निर्धारित किया गया है जो कि 450 रुपए है लेकिन इसके विपरित निजी ब्लड बैंकों द्वारा 1450 रुपए से अतिरिक्त शुल्क लेकर ब्लड को बेचा जा रहा है जो कि पूर्ण रूप से गलत है। उन्होंने सीएमएचओ से निवेदन किया है कि बिलासा ब्लड बैंक के ऊपर ब्लड बैंक के नियमानुसार कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए।

# पुराने निर्माण को नया बताकर मुक्तिधाम के पौने दो लाख हड़प लिए

### अरदा पंचायत के सरपंच-सचिव का कारनामा



**कोरबा**, 01 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के कटघोरा ब्लॉक अंतर्गत अरदा ग्राम पंचायत के सरपंच- सचिव ने बिना मुक्तिधाम निर्माण कराए ही पंचायत मद से पौने दो लाख रुपये डकार लिए। इतना ही नहीं बोर मरम्मत के नाम से भी डेढ़ लाख से अधिक की राशि निकाले गए हैं। आरोप है कि अरदा ग्राम पंचायत के सरपंच श्रवण कुमार तंवर ने सचिव के साथ मिलीभगत कर अनियमितता को अंजाम दिया और फर्जी प्रस्ताव बनाकर लाखों रुपये भी डकार लिए। बताया जा रहा है कि सरपंच-सचिव ने मुक्तिधाम निर्माण के नाम पर व्हाऊचर 15 मई 2020 को मूलभूत मद से 1 लाख 76 हजार 7 सौ रुपए निकाले लेकिन मौके पर काम नहीं कराया और वर्षों पूर्व निर्मित मुक्तिधाम को नव निर्माण बताकर आहरण की गई राशि गबन कर लिया। इसी तरह बोर मरम्मत के नाम पर 15वें वित्त से व्हाऊचर तिथि 30 जुलाई की स्थिति में 4 किश्तों में 1 लाख 62 हजार रुपए आहरित किया जबकि जितनी राशि हेंडपम्प मरम्मत हेतु निकाली गई उतने सबमर्सिबल पम्प गांव के हैण्डपम्पों में स्थापित नहीं किये गए होंगे।

### फर्जी साइन करने पंचों का आरोप

कुछ पंचों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया है कि सरपंच, सचिव फर्जी तरीके से पंचों का हस्ताक्षर कर प्रस्ताव बना लेते हैं और फ़र्ज़ी व्यक्तियों के नाम से चेक काट कर आहरण भी कर लेते हैं। इन कारणों से अरदा पंचायत अनेक विकास कार्यों से अब भी दूर है। वहीं सरपंच श्रवण कुमार तंवर का तर्क है कि निर्माण कार्यों पर भारी-भरकम कमीशन राशि देना पड़ता है तो सही काम कैसे होगा। फिलहाल इस पंचायत में मूलभूत, 1 4वें-1 5वें वित्त मद से कराए गए सभी कार्यों की जांच अपेक्षित है।

## सार-संक्षेप

### सप्ताहभर में ही 300 से अधिक पशुओं को लगाए गए रेडियम बेल्ट

**अम्बिकापुर** 1 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश पर प्रशासन द्वारा घुमन्तू पशुओं को दुर्घटना से बचाने का प्रयास जारी है। पशुओं हेतु गौठानों में चारे-पानी की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही रात्रि में पशुओं को सड़क दुर्घटना से रक्षा हेतु रेडियम बेल्ट लगाया जा रहा है। वहीं टैगिंग का कार्य भी पशु चिकित्सा विभाग द्वारा किया जा रहा है। पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक डॉ बीपी सतनामी ने बताया कि जिले में सप्ताहभर में ही 365 पशुओं को रेडियम बेल्ट लगाए गए हैं, वहीं 167 पशुओं की टैगिंग तथा 54 घुमन्तु पशुओं को गौठानों, गौशालाओं में भेजा गया है।

पशुओं वाहन दुर्घटना से बचाने खुले में ना छोड़ने की पशुपालकों से कलेक्टर ने की अपील- कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने पशुपालकों से व्यवहार परिवर्तन की अपील करते हुए कहा है कि अपने पशुधन को घरों में बांधकर रखे, सड़क में खुले में न छोड़े। पशुओं को खुला छोड़ने पर वे सड़क पर विचरण करते है, जिसके कारण रात्रि कालीन वाहनों में टकरा जाने के कारण पशुहानि हो जाती है। उन्होंने आमजन से इस अभियान में सक्रियता से सहभागी होने की अपील की है जिससे पशुहानि और जनहानि को रोका जा सके। इसके साथ ही शासन के निर्देशानुसार कार्यवाही करने कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने इस संबंध में नगर निगम आयुक्त को जुर्माने की कार्यवाही करने निर्देशित किया है। उपसंचालक पशु चिकित्सा विभाग ने यह भी बताया कि आस-पास के कांजी हाउस, गौशाला और गौठानों में घुमंतू पशुओं को रखने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

### कलेक्टर ने ली राजनैतिक दलों की बैठक

**अम्बिकापुर** 1 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार ने आज जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन 2023 के सम्बंध में राजनैतिक दलों की बैठक ली। उन्होंने बताया कि 02 अगस्त को विधानसभा निर्वाचन 2023 के संबंध में अर्हता तिथि 01 अक्टूबर हेतु मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जा रहा है। राजनीति दल के प्रतिनिधियों को बताया गया कि 2 अगस्त से 31 अगस्त तक दावा आपत्ति प्राप्त किया जायेगा। इन दावा आपत्तियों का 22 सितंबर तक निराकरण कर 4 अक्टूबर को अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। 12 एवं 13 अगस्त 2023 तथा दिनांक 19 एवं 20 अगस्त 2023 को विशेष अभियान द्वारा दावा आपत्ति प्राप्त किया जावेगा।

इस दौरान उपस्थित राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय-सारणी की छायाप्रति दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 01 अक्टूबर की स्थिति में जिसकी भी उम्र 18 साल पूर्ण होती है उसका नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने आवेदन किया जा सकता है। सभी उपस्थित सदस्यों को राजनैतिक दल की ओर से प्रत्येक बूथ के लिए बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने तथा इसकी सूची उपलब्ध कराने आग्रह किया गया ताकि मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि हो तो उसका समय, पूर्व पता चल सके एवं निराकरण किया जा सके।

### चोरी की लैपटाप के साथ दो गिरफ्तार

**रायगढ़** 01 अगस्त (देशबन्धु)। घरघोड़ा पुलिस ने ग्राम टेरम के एक मकान से चोरी हुये लैपटॉप के मामले में आज मुखबीर सूचना पर ग्राम टेरम के शिवम चैहान पिता दिलसाय चैहान उम्र 21 साल तथा आरोपित विधि के साथ संघर्षरत बालक को पकड़ा गया है। दोनों दो दिन पहले चोरी किये लैपटाप को बिक्री के लिये गांव में ग्राहक खोज रहे थे।

लैपटॉप चोरी के संबंध में रिपोर्टकर्ता महेश राम सिदार निवासी टेरम, थाना घरघोडा द्वारा आज थाना घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसने अपने निजी काम के लिये डेल कंपनी का लेपटाप वर्ष 2012 में लिया था। 28 जुलाई को 11 बजे घर को ताला बंद करके दोनों पति पत्नि अपने-अपने स्कूल चले गये थे, शाम को घर वापस आये तो देखे घर का आलमारी में रखे कपडा समान अस्त व्यस्त था और लेपटाप( कीमती 35,000 रूपये) की कोई अज्ञात चोर चोरी कर लिया था।

घरघोड़ा पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर धारा 454,380 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर 24 घंटे के भीतर माल मुल्जिम की पतासाजी में सफलता मिली है। दोनों आरोपियों शिवम चैहान और विधि के साथ संघर्षरत बालक को नकबजनी के अपराध में गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय रिमांड पर भेजा गया है।

### अवैध शराब सहित 4 पुलिस हिरासत में

**रायगढ़** 01 अगस्त (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर जिले के थाना तमनार क्षेत्र अंतर्गत थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में पिछले दो दिनों से अवैध शराब बनाने और बेचने वालों पर मुखबिर लगाकर पुलिस छापेमारी कर रही है।

क्षेत्र में अवैध शराब पर अंकुश लगाने एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी तमनार द्वारा प्रत्येक बीट में मुखबिरों के साथ अपने स्टाफ लगाकर अवैध शराब बनाने और बेचने वालों की जानकारी लिया जा रहा है जिसमें कल तमनार पुलिस ने उरांवपारा तमनार में आरोपी धनाऊ राम उरांव से 04 लीटर महुआ शराब, सीतापुर चैंक मिलूपारा में आरोपी रेशम लाल सिदार से 40 लीटर महुआ शराब, लालपुर चैंक मिलूपारा में आरोपी हेम सागर भगत से 20 लीटर महुआ शराब तथा आज हिझंर चैंक तमनार मेंआरोपी सालिक राम विश्वकर्मा को 04 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा गया है । इस प्रकार पिछले दो दिनों में तमनार पुलिस ने चार आरोपियों से कुल 68 लीटर महुआ शराब की जप्ती कर आरोपियों पर थाना तमनार में आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है । थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में शराब रेड कार्यवाही में सउनि खेमराज पटेल, नरसिंह नाथ यादव, प्रधान आरक्षक संतोष कुमार कुर्रे, अनुप कुमार कुजूर, पारसमणी बेहरा, आरक्षक अनुप मिंज, भीष्मदेव सागर और पुरूषोत्तम सिंह सिदार शामिल थे।

### सड़क पानी की समस्या को लेकर विनोबानगर के लोगों ने किया प्रदर्शन

**रायगढ़** 01 अगस्त (देशबन्धु)। शहर में पानी की समस्या के बाद अब सड़क और सियासत को लेकर मोहल्ले वासियों ने मोर्चा खोल दिया है। वार्ड नंबर 24 और 25 के रहवासियों ने सड़क की मांग को लेकर टेंट के नीचे धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। वार्ड वासियों द्वारा विनोबनागर क्षेत्र की जर्जर सड़क को जल्द निर्माण करने की मांग की जा रही है। सड़क नहीं बनने पर आगामी विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी भी दी गई है। प्रदर्शन कर रहे मोहल्ले वासियों के बीच पुलिस और प्रशासन की टीम मौजूद है। प्रशासनिक टीम द्वारा धरना प्रदर्शन कर रहे वार्ड वासियों को समझाइश देकर धरना स्थगित करने की बात कही जा रही है।

# आज मतदाता सूची की तैयारी को लेकर विशेष ग्राम व वार्ड सभा

**अम्बिकापुर**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार के द्वारा द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2023 के संदर्भ में जानकारी प्रदान करने प्रेस कांफ्रेंस ली गयी। उन्होंने बताया कि 02 अगस्त को जिले के सभी मतदान केंद्रों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालयों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालयों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जायेगा। 31 अगस्त 2023 तक मतदाता सूची के संबंध में दावा-आपत्ति ली जाएगी। इस दौरान कार्यालय दिवस एवं समय पर अभिहित अधिकारी मतदान केंद्रों में मौजूद रहेंगे और दावा-आपत्ति प्राप्त करेंगे। 22 सितंबर तक प्राप्त दावा-आपत्ति का निराकरण किया जाएगा तथा 4 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। 02 अगस्त को मतदान केंद्र संबंधित सभी ग्रामों एवं वार्डों में विशेष ग्रामसभा एवं



वार्ड सभा का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभा में मतदाता सूची का वाचन किया जाएगा। 02 अगस्त 2023 को सुबह 7:00 बजे मल्टीपरपज स्कूल से गांधी स्टेडियम तक निर्धारित रूट में सायकल रैली का आयोजन मतदाता जागरूकता हेतु किया जायेगा। लुण्ड्रा विधानसभा में कुल 254 मतदान केंद्र अंतर्गत 1 लाख 91 हजार 60 मतदाता आज की स्थिति में पंजीकृत हैं। सीतापुर विधानसभा अंतर्गत कुल 245 मतदान केंद्रों में 1 लाख 96 हजार 458 मतदाता आज की स्थिति में पंजीकृत हैं। अम्बिकापुर विधानसभा अंतर्गत कुल 282 मतदान केंद्रों में 2 लाख 48 हजार 353 मतदाता आज की स्थिति में पंजीकृत हैं। जिले में भटगांव विधानसभा के 06 मतदान केंद्र सरगुजा जिले में पड़ते हैं तथा इसके भी 5903 मतदाता सरगुजा जिले में पंजीकृत हैं। अम्बिकापुर विधानसभा का 01 मतदान केंद्र गेतरा सूरजपुर जिले में पड़ता है। इसमें 1008 मतदाता पंजीकृत हैं।

जिला सीमा अंतर्गत कुल 786 मतदान केंद्र में 6 लाख 40 हजार 766 मतदाता पंजीकृत हैं। 663 मतदान केंद्र ग्रामीण एवं 123 मतदान केंद्र शहरी हैं। जिले के कुल पंजीकृत मतदाता में से 15 मतदाता थर्ड जेण्डर, 5808 मतदाता दिव्यांग, 278 मतदाता 100 प्लस के एवं 8582 मतदाता 80 प्लस के हैं। अभी अम्बिकापुर विधानसभा में 05 नये मतदान केंद्र बनाये गये हैं। अच्छे भवन उपलब्ध होने के कारण 49 मतदान केंद्रों के भवन परिवर्तन किये गये हैं। आत्मानंद स्कूल आदि खुलने के कारण 39 भवनों के नाम परिवर्तन किये गये हैं। 23 मतदान केंद्रों का स्थल परिवर्तन किया गया है। जिला कार्यालय सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में ईवीएम डेमोन्स्ट्रेशन सेंटर स्थापित किये गये हैं। प्रत्येक विधान सभा में 01 मोबाईल डेमोन्स्ट्रेशन वैन के माध्यम से ईवीएम द्वारा प्रशिक्षण एवं जागरुकता का कार्य किया जा रहा है। 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाता एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांग मतदाता जिन्हें बूथ तक आने में परेशानी होगी, इन्हे सत्यापन पश्चात होम वोटिंग की सुविधा मिलेगी। पिछले पुनरीक्षण में जिले के सभी स्कूलों के 9470 विद्यार्थियों, जिले के सभी कॉलेजों के 5133 विद्यार्थियों और जिले के पीवीटीजी पहाड़ी कोरवा समुदाय के 1106 लोगों के नाम जोड़े जाने अभियान चलाकर ऑनलाइन और ऑफलाइन फॉर्म भरा गया था।

### जागरूकता के लिए साइकल रैली

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 2 अगस्त 2023 को किया जाना है। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार के नेतृत्व में 2 अगस्त 2023 को जिले में भव्य साइकल रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस साइकल रैली में कार्यक्रम स्थल मल्टीपरपज में प्रातः 06:30 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करने कहा गया है। यह आयोजन मल्टीपरपज स्कूल से शुरु होते होकर गांधी स्टेडियम तक आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में समस्त मतदाताओं से शामिल होने की अपील की गई है। इस साइकिल रैली में भावी मतदाताओं यानि छात्र-छात्राओं, जूनियर एनसीसी, स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर व एनएसएस के छात्रों को भी शामिल होने की अपील की गई है। सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल ने इस कार्यक्रम के व्यवस्थित आयोजन के लिए निर्धारित रूट पर ट्रैफिक व्यवस्था, स्वीप कार्यक्रम, आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा हेतु एंबुलेंस के साथ मेडिकल टीम, रैली समापन स्थल पर अन्य आवश्यक व्यवस्थाए सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। साथ ही सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को साइकल रैली-वॉकथान के लिए निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# रायगढ़ रेंज के पहले डीआईजी राम गोपाल गर्ग ने लिया चार्ज

### निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव समपन्न कराना होगी प्राथमिकता



**रायगढ़** 01 अगस्त (देशबन्धु)। बीते 27 जुलाई को राज्य शासन द्वारा रेंज आईजीपी के स्थानांतरण तथा नवीन पदस्थापना आदेश के परिपालन में राम गोपाल गर्ग (आईपीएस 2007) ने आज रायगढ़ रेंज रायगढ़ के प्रथम डीआईजी का पदभार ग्रहण किया गया। इसके पूर्व श्री गर्ग प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज, सरगुजा के पद पर सेवाएं दिया जा रहा था। कल अम्बिकापुर से सड़क मार्ग होते रायगढ़ सर्किट हाउस पहुंचे, जहां सशस्त्र सलामी गार्ड द्वारा उन्हें सलामी दी गई। सर्किट हाउस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार समेत जिले के पुलिस अधिकारियों द्वारा डीआईजी राम गोपाल गर्ग का पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया गया।

तदुपरांत श्री गर्ग द्वारा शहर के थाना, चैकी का भ्रमण करते हुये पुलिस कार्यालय में जिले के राजपत्रित अधिकारियों की संक्षिप्त बैठक लेकर परिचय प्राप्त किये, बैठक में अधिकारियों से जिले की भौगोलिक स्थिति व कानून व्यवस्था की जानकारी लेकर दोपहर पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेसवार्ता में मीडिया साथियों से रूबरू हुये। प्रेसवार्ता में उन्हें अपने कार्य का विजन और प्रथमिकता बताया गया, प्रेसवर्ता में पत्रकारों द्वारा सोशल पुलिसिंग, कानून व्यवस्था को लेकर कई सवाल पूछे गये, वहीं पत्रकारों की ओर से पुलिस कार्यप्रणाली, सोशल पुलिसिंग के कार्यों पर अपने महत्वपूर्ण सुक्षाव अधिकारियों से साझा किया गया।

श्री गर्ग ने मीडिया को समाज का प्रतिबिंब बताते हुये पुलिसिंग में उनकी भूमिका को बेहद महत्वपूर्ण बताया गया। उन्होंने रायगढ़ रेंज की व्यवस्था से पुलिसिंग में कसावट के साथ शिकायतों, अपराधों के निराकरण से निश्चित ही आम लोगों को इसका लाभ मिलेगा बताया गया। प्रेसवर्ता में रायगढ़ पुलिस द्वारा जिले में चलाए जा रहे सामुदायिक पुलिसिंग के कार्य को बेहतर बताते हुए इसे आगे भी चलाया जाना बताया गया तथा अपराधों की रोकथाम और पुलिस प्रणाली में आवश्यक सुधार के लिए अन्य विभागों की तरह पुलिसिंग में भी नवाचार की आवश्यकता बताये और इस पर चर्चा किया गया।

राम गोपाल गर्ग, वर्ष 2007 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी हैं, वे छत्तीसगढ़ के जिला गरियाबंद, कोरिया, बालोद और विशेष सूचना शाखा में पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत रहे। साथ ही उन्होंने महामहिम राज्यपाल महोदय के परिसहाय के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं। वर्ष 2015 से 2022 के बीच गर्ग भारत सरकार के सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत रहे। प्रतिनियुक्ति पश्चात वापस आने के उपरांत वे डीआईजी रेंज राजनांदगांव में अपनी सेवाएं दिए जिसके बाद वे प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज, सरगुजा के रूप में सेवाएं दिया जा रहा था, जहां उनका बेहद सफल कार्यकाल रहा।

अब वे रायगढ़ रेंज रायगढ़ के प्रथम डीआईजी के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। सौम्य व सरल स्वभाव के पुलिस अधिकारी राम गोपाल गर्ग पुलिसिंग में कठोर निर्णय लेने से नहीं चूकते।

# मवेशी तस्करों पर लैलूंगा पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**रायगढ़** 01 अगस्त (देशबन्धु)। एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशों पर पशु तस्करी पर कड़ा रूख अख्तियार कर एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के सतत मार्गदर्शन पर धरमजयगढ़ अनुविभाग के थाना प्रभारियों द्वारा मुखबीर तैनात कर निगाह रखी जा रही है। इसी क्रम में 30 जुलाई के शाम मुखबिर सूचना पर लैलूंगा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रमाशंकर तिवारी के नेतृत्व में लैलूंगा पुलिस टीम द्वारा ग्राम ढोरोंआमा तालाब खार जंगल में नाकेबंदी कर चार आरोपी - देवगन मरकाम, चनेश सिदार, सोनू सिदार, शिवनाथ राम भुईंहर को पकड़ा गया जिनके कब्जे से 137 नग कृषक मवेशी को जप्त किया गया है, पूछताछ पर मवेशी तस्करों ने झगरपुर निवासी सलीम खान, करवारजोर निवासी रबूल खान तथा नाजीर खान का मवेशी होना और मवेशियों को बूचड़खाना ले जाना बताये हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी लैलूंगा को सूचना मिली थी कि 4 लड़के मोटरसाइकिल पर कृषक मवेशियों को मारते पीटते क्रूरता पूर्वक जिले का बॉर्डर पार करने की ताक में है, जिस पर पुलिस ने रेड कर पशु तस्करों को पकड़ा, तस्करों से मुक्त कराये गये 137 मवेशियों के दाना पानी की व्यवस्था के लिए लैलूंगा पुलिस द्वारा ग्राम बनेकेला गठान में रखवाया गया है। आरोपियों से तस्करी में प्रयुक्त 04 मोटर सायकल की जप्ती कर आरोपियों पर पशुक्रूरता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों के अलावा झगरपुर निवासी सलीम खान, करवारजोर निवासी रबूल खान तथा नाजीर खान को भी आरोपी बनाया गया है। रेड की संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी लैलूंगा उपनिरीक्षक रमाशंकर तिवारी, प्रधान आरक्षक जय शरण चंद्रा, आरक्षक हिलारियुस तिर्की और राजू तिग्गा प्रमुख रूप से शामिल थे।

### अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष मेमन ने नियुक्त किए 3 प्रदेश सचिव



**मनेंद्रगढ़**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। जिला एम,सी बी छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन ने गफ्फार अली, मनप्रीत सिंह सहानी यूसुफ इराकी, बिलाल मेमन को प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की अनुशंसा पर इन पदाधिकारियों की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए गए हैं। छत्तीसगढ़,पदाधिकारियों से मिलकर उनसे आने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर समीक्षा बैठक की थी जिसके बाद ये प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन के द्वारा युवाओं को जिम्मेदारी दी गई है और सभी पदाधिकारियों ने कहा इस क्षेत्र 3 जिलों में विधानसभा की टिकट कांग्रेस के आलाकमान के द्वारा दिया जाएगा वह युवा कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ काम करेंगे और विजय दिलाने का संकल्प लिया है,विगत एक वर्ष से प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन द्वारा लगातार प्रदेश के हर ज़िले का दौरा कर नए कार्यकर्ताओं को विभाग से जोड़ने की मुहिम चलाई जा रही है। अभी बस्तर संभाग एवं दुर्ग,भिलाई, बेमेतरा, मोहला मानपुर, रायपुर, जिले के अध्यक्षों की नियुक्ति बांकी है। प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन ने सूची जारी करते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई प्रेषित की और मिशन 2023-24 में अब की बार 75 पार,का लक्ष लेकर काम करने कि अपील की.है।

### जिले में हाथियों ने दी दस्तक

**रायगढ़** 01 अगस्त (देशबन्धु)। विगत वर्षो मे हथियों के दस्तक से अंचल मे दहशत का माहौल व्याप्त था, लोग उन बुरी यादों को भुला ही नही पाए थे कि आज फिर हथियों के दल आने से वनांचल के गाँवों मे डर बैठ गया है। ताजतरीन घटना सरसीवां से 12 किलो मीटर दूरी में में रोड से लगे हरदी जंगल कक्ष क्रमांक 455 परिसर का है, जहाँ तड़के सुबह 3 बजे लगभग 15 हाथी का दल खेतों को पार कर जंगल की तरफ आगे बढ़ गए।

हाथियों के दल में बच्चे भी हैं। वन विभाग के डिप्टी रेंजर पटेल द्वारा जंगल से लगे आसपास क्षेत्र के गांवों में ग्राम कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराई है।

हरदी ग्राम पंचायत में कोटवार द्वारा हाथी की सूचना एवं मुनादीकरते हुए आसपास के गांव वालों को जंगल तरफजाने के लिए मना किया गया है। वहीं खेतों में काम करने जा रहे किसानो और मजदूरों को भी सावधानी पूर्वक सजग रहने 'मुनादी की गई है। क्योंकि हाथियों के इस दल में छोटे बच्चे भी ऐसे में आसपास के गांव वालों को ज्यादा सावधान रहना होगा। सूत्रों से मिली जानकारी से हाथियों का दल हरदी के जंगल से गुजरते हुए महासमुंद जिले के मुढ़ही घाटी तरफ आगे बढ़ रहे हैं।

# मामूली विवाद के बाद पड़ोसी पर टांगी से हमला

**रायगढ़** 01 अगस्त (देशबन्धु)। तमनार के इंदिरा नगर में साइकल मांग कर ले गए पड़ोसी द्वारा वापसी के समय सायकल पंचर लाकर खड़ी कर देने की बात पर आरोपित व्यक्ति ने आक्रोशित होकर झगड़ा विवाद कर पड़ोसी टंगिया उठाकर प्राणघातक वार कर दिया। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आहट पीताम्बर साहणी की पत्नी ललिता साहणी द्वारा घटना को लेकर 29 जुलाई को थाना तमनार में रिपोर्ट पंजीबद्ध कर बताई कि 29 जुलाई की सुबह पति पीताम्बर गांव के बैगा ऊर्फ सुकदेव सिदार के सायकल को लेकर सोसायटी चावल लेने के लिये गये थे और वापस आकर सुकदेव को सायकल लौटा दिये। दोपहर करीबन 03.00 बजे बैगा ऊर्फ सुकदेव सिदार घर के पास आकर पति पीताम्बर को सायकल पंचर है बनवा देना या नया ट्यूब देना कहकर वाद विवाद कर धक्का मुक्की करने लगा , आसपास मौजूद लोग बीच बचाव किये तो चला गया और घर टांगी लेकर आया और पति पीताम्बर की हत्या करने के नियत से धारदार टांगी से सिर पर वार किया जो हटने पर पीताम्बर के पेट में लगा, जिसे देखकर बैगा ऊर्फ सुकदेव टांगी को लेकर भाग गया। तमनार पुलिस ने आरोपित पर हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। अपराध कायम होने के बाद ही आरोपी बैगा ऊर्फ सुकदेव मोहल्ले से भाग गया था। थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मुखबीर तैनात कर रखा रखे थे। आज मुखबीर सूचना पर आरोपी सुखदेव सिंह उर्फ बैगा पिता चंदन सिंह सिदार उम्र 51 साल इंदिरा नगर तमनार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर घरघोड़ा न्यायालय पेश किया गया, आरोपी का न्यायिक रिमांड स्वीकृत होने पर जेल दाखिल किया गया है।

# बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह, जैसा चाहे ढाल सकते हैं- डीजे ध्रुव

### किशोर न्याय अधिनियम पर कार्यशाला



**बैकुण्ठपुर**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीन आनंद कुमार घ्रुव की अध्यक्षता में जिला पंचायत आडिटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीन के मुख्य अतिथ्य में दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उद्घाटन उद्घबोधन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रमेश कुमार साहू द्वारा किशोर न्याय अधिनियम के कार्यक्रम की रूपरेखा बताई गई। जिला एवं सत् न्यायाधीश द्वारा किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण)अधिनियम को जमीन स्तर पर लाने हेतु सभी स्टेक होल्डर की महत्वी भूमिका के विषय में जानकारी दी गई, साथ ही किशोर न्याय अधिनियम को अनुसरण कर कार्यवाही किये जाने के लिए प्रेरित किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी आशीष कुमार गुप्ता द्वारा किशोर न्याय अधिनियम 2015 के प्रावधानों, नियमों, उपयोगिता व महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान मजिस्टेऊट श्रीमती अर्चना भास्कर द्वारा किशोर न्याय अधिनियम के समस्त कार्यवाहियों पर विस्तृत से चर्चा की गई। बाल कल्याण समिति के सदस्य श्रीमती संध्या रामावत द्वारा लैगिक अपराधों पर पड़ने वाले प्रभाव, बच्चों को इससे बचने के लिये सुझाव के संबंध में जानकारी दी गई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा कार्यशाल में अपने वक्तव्य में बताया गया कि बच्चे कच्ची मिट्टी के तरह होते है उन्हे जैसा चाहे ढाला जा सकता है, समय पर बच्चों का संरक्षण दिया जाना आवश्यक है। स्टेक होल्डर्स को बाल अधिकार से जोड़ने पर जोर दिया गया। मुख्य न्यायीक मजिस्टेऊट श्री मोहन सिंह कोराम द्वारा बताया गया कि सभी जुनाइल बच्चों को विधिक सहायता दिये जाने लिये प्रेरित किया जाना चाहिये। जिला बाल संरक्षण अधिकारी आशीष कुमार गुप्ता द्वारा उपस्थित सभी का आभार प्रदर्शन कर कार्यशाला का समापन किया गया। कार्यशाला में बाल कल्याण समिति के सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य, पुलिस विभाग से बाल कल्याण अधिकारी, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, तथा अधीक्षक बाल गृह बालक, महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी, चाईल्डन लाईन के प्रतिनिधि, स्वयं सेवी संस्था के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## सार-संक्षेप

### युवा संवाद कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में सम्मिलित हुए सारंगढ़ के युवा



**सारंगढ़,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेंट-मुलाकात युवाओं के साथ कार्यक्रम में बिलासपुर संभाग के सभी जिले के साथ साथ सारंगढ़ बिलाईगढ जिले से युवा कांग्रेस जिला महासचिव बिनोद भारद्वाज के नेतृत्व में सैकड़ों युवा सम्मिलित हुए। बिनोद भारद्वाज के साथ प्रमुख रूप से ब्लाक कांग्रेस अनूसूचित जाति अध्यक्ष रमेश खूंटे, वरिष्ट कांग्रेसी सुनिल वारे,किसान कांग्रेस जिला महामंत्री सतीश श्रीवास, जिला आर टी आई कांग्रेस अध्यक्ष अश्वनी चंद्रा,ब्लाक कांग्रेस अनूसूचित जाति शहर अध्यक्ष राकेश जाटवर, युवा कांग्रेस जिला महासचिव विजय विक्की पटेल,जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र पुराइन, ब्लाक एनएसयूआई के पुर्व अध्यक्ष हेमंत चंद्रा,विधानसभा युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष राजेंद्र वारे, पुर्व युवा कांग्रेस महासचिव लल्लू निषाद, सागर दीवान, ईराक टंडन,शुग्म,युवा क्लब अध्यक्ष भागीरथी चंद्रा,रोहित महिलाने,हेमंत चंद्रा, सतीश अजय, अंकित पटेल, संजय पटेल, प्रदीप पटेल, कृष्णा यादव एवम सैकड़ों युवा कार्यकर्ता शामिल हुए।

### जिले में 15 नए मतदान केन्द्रों के प्रस्ताव को आयोग की मंजूरी

**सारंगढ़,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में विधानसभा क्षेत्रवार कुल 15 मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण करने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर को प्रस्ताव भेजा गया था, जिसकी स्वीकृति मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रदाय की गई है। इसके तहत सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 17 में 03 नए मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जबकि दो केन्द्रों के भवन का नाम परिवर्तन तथा तीन के अनुभाग में परिवर्तन किया गया है। इसी तरह बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 43 में 12 नवीन मतदान केन्द्र की स्थापना को आयोग ने मंजूरी दी है। इस विधानसभा क्षेत्र में दो केन्द्रों का स्थल परिवर्तन, 25 का भवन परिवर्तन, 09 मतदान केन्द्रों के भवन के नाम में परिवर्तन, 03 के अनुभाग में परिवर्तन तथा 01 अनुभाग के नामकरण में परिवर्तन किया गया है। इस प्रकार सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 342 से बढ़कर 345 हो गई है तथा बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्रों की संख्या 364 से बढ़कर 376 हो गई है। यानी मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 706 से बढ़कर अब 721 हो गई है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने बताया कि सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्रांतर्गत 03 नवीन केन्द्र स्थापित किए गए हैं जिनमें केन्द्र क्रमांक 98 प्राथमिक शाला भवन मुड़ियाडीह, क्र. 118 प्राथमिक शाला भवन नाचनपाली और क्रमांक 196 प्राथमिक शाला भवन अतिरिक्त कक्ष ठेंगाकोट को नवीन मतदान केन्द्र की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसी तरह बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 12 नए मतदान केन्द्र स्थापित हैं। इनमें मतदान केन्द्र क्रमांक 59 प्राथमिक शाला माहुलडीह, क्रमांक 85 प्राथमिक शाला भवन डोंगियाभाठा, क्रमांक 176 शासकीय प्राथमिक शाला इंदिरा नगर भटगांव, क्र. 182 प्राथमिक शाला गंगोरीटाड़ा, क्र. 192 शासकीय प्राथमिक शाला गोंदली, क्र. 242 शासकीय प्राथमिक शाला भवन तुरकीनडीह, क्र. 256 शासकीय प्राथमिक शाला दलदली, क्र. 282 शासकीय माध्यमिक शाला तालाझर, क्र. 284 शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छतालडबरा, क्र. 288 शासकीय प्राथमिक शाला भवन ढेबा, क्र. 337 प्राथमिक शाला दयालपुर तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 354 शासकीय प्राथमिक शाला चंद्रनगर सम्मिलित हैं।

### बच्चों में कुपोषण दूर करने आंगनबाड़ी केंद्रों में शुरू हुआ वजन त्यौहार

**सारंगढ़**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। बच्चों में कुपोषण का स्तर जांचने और सुपोषण के प्रति पालकों को जागरूक करने के लिए जिले में वजन त्योहार शुरू हुआ है। एसडीएम डॉ स्निग्धा तिवारी ने बिलाईगढ़ परियोजना में और डिप्टी कलेक्टर टी आर महेश्वरी ने सारंगढ़ परियोजना के आंगनबाड़ियों में बच्चों का वजन और ऊंचाई का माप लिया। इस वजन त्यौहार में बच्चों की उम्र के आधार पर उनके पोषण स्तर का निर्धारण होगा। बच्चों के सुपोषण के लिए उनके वजन की जानकारी होना जरूरी है। बच्चों को पौष्टिक आहार देते हुए उनके विकास की मानिटरिंग करना है। सामुदायिक सहभागिता से सुपोषण प्राप्त होगी। वजन त्योहार में प्रत्येक परिवार को उनके बच्चों की सही पोषण स्थिति से अवगत कराते हुए प्रत्येक गांव में कम वजन वाले बच्चों का चयन कर कुपोषण की सही स्थिति का पता लगाया जाएगा। आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा दी जारी पोषक आहार के साथ साथ बच्चों के पालकों को सुपोषण आहार देने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### श्री अग्रसेन जन कल्याण ट्रस्ट के सचिव बने राजेश अग्रवाल



**खरसिया,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। श्री अग्रसेन जन कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल (एल.आर.) ने समाजसेवी एवं श्री अग्रसेन जन कल्याण ट्रस्ट के ट्रस्टी राजेश अग्रवाल घनसू को सचिव एवं शिव अग्रवाल को सह कोषाध्यक्ष के पद पर मनोनित किया गया है। ट्रष्टियों ने दोनों को बधाई दी है।

### संस्कृति संगम महोत्सव' गुवाहाटी में डीपीएस के छात्र छात्राओं ने लहराया परचम

**जांजगीर,** 01 अगस्त (देशबन्धु)। गुवाहाटी असम में आयोजित संस्कृति संगम महोत्सव के राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय, नृत्य व संगीत महोत्सव में दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी प्रत्यक्षा सिंह, टिशा थवाईत, अंशुल तिवारी एवं शुभ सिंह ने अपनी विलक्षण प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महत्वपूर्ण स्थान हासिल किया। ज्ञातव्य हो कि गुवाहाटी असम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नृत्य व संगीत प्रतिस्पर्धा के सेमी क्लासिकल नृत्य में प्रत्यक्षा सिंह ने द्वितीय स्थान एवं शास्त्रीय गायन सीनियर समूह में अंशुल तिवारी ने प्रथम स्थान, वहीं राष्ट्रीय स्तर पर शास्त्रीय गायन जुनियर समूह में प्रत्यक्षा सिंह ने द्वितीय स्थान, शुभ सिंह ने भजन में द्वितीय स्थान एवं टिशा थवाईत ने मॉडर्न जूनियर समूह में द्वितीय स्थान अर्जित कर जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन किया।

# तेज रफ्तार डंपर ने युवक को कुचला मौके मौत, एक की हालत गंभीर

### खरसिया से डभरा मुख्य सड़क मार्ग में 9 घंटे तक रहा जाम



**डभरा**, 01 अगस्त (देशबन्धु)। थाना डभरा क्षेत्र के ग्राम सुखदा बस स्टैंड के पास तेज रफ्तार डंपर वाहन ने बीती रात्रि सड़क किनारे जा रहे दो युवकों को चपेट में ले लिया जहां एक युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं ।

बताया जा रहा है कि रात्रि में लगभग 10.45 बजे के करीब घर से सड़क किनारे आ रहे थे कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर वाहन ने अपने चपेट में ले लिया जहां गणेशराम की मौत हो गई तो दूसरा युवक विजय चंद्रा गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा रहा, जिसे ग्रामीणों ने तत्काल रात्रि में ही बाहर इलाज के लिए रायगढ़ अस्पताल भेजा गया है। इस खबर की जानकारी मिलते ही परिजन एवं ग्रामीण घटनास्थल पहुंचे जहां आक्रोशित परिजनों ग्रामीणों ने मृतक के शव को लेकर सुबह 5 बजे से ही सुखदा के बस स्टैंड के पास खरसिया से डभरा मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर बैठे रहे, मृतक के परिजन मुआवजा एवं कार्यवाही की मांग को लेकर चक्का जाम कर रहे थे।

घटना की जानकारी मिलते ही डभरा पुलिस आसपास थाने से पुलिस बल एवं अधिकारी मौके पर पहुंचकर परिजनों एवं ग्रामीणों को समझाया गया। स्थानीय प्रशासन की ओर से तहसीलदार रवि राठौर एवं उप निरीक्षक लक्ष्मण खूंटे ने परिजनों को समझाया तब ट्रक मालिक एवं प्रशासन एवं परिजनों के बीच समझौता हुआ जिसमें मृतक के परिजनों को ट्रक मालिक द्वारा सहायता राशि 4 लाख रूपये देने के आश्वासन के बाद व शासन की ओर से 25 हजार राशि दी गई परिजनों को मुआवजा एवं शासन से मिलने वाली राशि मिलने के बाद परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा खरसिया से डभरा मुख्य सड़क मार्ग पर कर रहे चक्का जाम को समाप्त किया

#### आवागमन में हुई भारी परेशानी

लगातार 9 घंटे तक मुख्य सड़क मार्ग बंद रहने के कारण यात्री बसों राहगीरों आम नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा सड़क के दोनों तरफ कई किलोमीटर तक लंबी वाहनों की कतारें लग गई।

# राजेन्द्र कुमार सिंह की पुण्यतिथि पर छात्र छात्राओं को पाठ्य सामग्री का वितरण

### लायंस डीएवी पब्लिक स्कूल में पौधरोपण किया गया





**अकलतरा**, 01 अगस्त (देशबन्धु)। अंचल के जन नेता पूर्व विधायक स्वर्गीय राजेन्द्र कुमार सिंह की 44 वी पुण्यतिथि के अवसर पर नगर के राजेन्द्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला में राजेन्द्र कुमार सिंह के छायाचित्र के सामने माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना करने के साथ साथ 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। ग्राम बनाहिल के शासकीय प्राथमिक शाला में शाला के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान करने के साथ-साथ छात्र छात्राओं को पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया।

नगर के लायंस डीएवी पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं द्वारा राजेन्द्र कुमार सिंह के जीवनी पर प्रकाश डाला गया, स्कूल परिसर में शुभा सिंह, राघवेन्द्र कुमार सिंह, पल्लवी सिंह, गौरी सिंह चौहान, शाला विकास समिति के अध्यक्ष दीनदयाल अग्रवाल एवं लायंस क्लब के सदस्यों द्वारा पौधा रोपण करने के साथ-साथ पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाया गया, कार्यक्रम में रवि सिसोदिया, अशोक अग्रवाल, आशालता सिंह, रवि बैस, हुलास जायसवाल, राजकुमार गुप्ता, धनराज सिंह चौहान, रामगोपाल देवांगन, दीनदयाल अग्रवाल, राजेन्द्र शर्मा, गगन सिंघानिया, विनोद सिंघानिया, रघुवीर सिंह, प्रतिपाल सिंह, सुशांत सिंह, मयंक व्यास, हरेमुरारे सिंह, सुमित प्रताप, अमित सिंह, सुरेंद्र सिंह, नवल सिंह, मून खान, हर्षवर्धन सिंह, ललित चौबे, गगन गुरुद्वान, संतोष यादव, अंकित सिंह, हरीश साहू, राज सिंह, जयदीप सिंह, अमित यादव, पृथ्वीराज सिंह, स्माइल खान, अनिमेष केडिया उपस्थित थे ।

#### सेवानिवृत्त एएसआई का सम्मान किया

राजेन्द्र कुमार सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर पुलिस विभाग विगत 43 वर्षों से अपनी सेवा देने वाले एएसआई राजेन्द्र प्रसाद तिवारी के 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होने पर राजेन्द्र कुमार सिंह स्मृति आयोजन समिति द्वारा एएसआई राजेन्द्र प्रसाद तिवारी का शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया ।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा : अब 16 अगस्त तक कर सकेंगे आवेदन



**जांजगीर**, 01 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में फसलों को होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन संबंधी अधिसूचना कृषि विभाग द्वारा जारी की गई है। पूर्व में जारी आदेशानुसार खरीफ वर्ष 2023 में फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई थी जो अब बढ़कर 16 अगस्त हो गया है। जिले में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने किसानों को प्रतिकूल मौसम के प्रभाव से फसलों पर होने वाले नुकसान से राहत दिलाने हेतु अधिक से अधिक किसानों को योजना का लाभ दिलाने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है।

फसल बीमा के लिए भारत सरकार द्वारा सूचीबद्ध बीमा कम्पनियों में से एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी लिमि., एचडीएफसी इरगो एवं बजाज अल्यांज जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड का चयन खरीफ एवं रबी वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं वर्ष 2025-26 के लिए किया गया है। योजनांतर्गत प्रदेश के सभी जिलों के किसान मुख्य फसल धान सिंचित, धान असिंचित एवं अन्य फसल-जैसे मक्का, सोयाबीन, अरहर, मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी एवं रागी का बीमा करा सकते है। ऋणी एवं अऋणी कृषक जो भू-धारक व बटाईदार हो योजना में ऐच्छिक रूप से शामिल हो सकते हैं। अऋणी कृषक जो योजना में सम्मिलित होने के इच्छुक हो वे स्वप्रमाणित बुआई प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक व भूमि के दस्तावेज के साथ बैंक/वित्तीय संस्थान, लोक सेवा केन्द्र (सीएससी), क्रियान्वयक बीमा कंपनी में 16 अगस्त 2023 तक आवेदन कर योजना में शामिल हो सकते है। बीमा में अधिसूचित फसल को प्रतिकूल मौसम से होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए रोपाई जोखिम, स्थानीयकृत आपदाएं एवं फसल कटाई के उपरांत सूखने हेतु खेत पर रखे करपा को होने वाले नुकसान तथा 'फसल पैदावार के आधार पर व्यापक क्षति को योजना में प्रावधानित किया गया है।

### सट्टा पट्टी खिलाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**जांजगीर,** 01 अगस्त (देशबन्धु)। सट्टा पट्टी खिलाने वाले दो आरोपी को नैला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से सट्टा पट्टी लिखा कागज, डाट पेन एवम जुमला नगदी 10,750/ रुपया बरामद किया है। आरोपियों के विरूद्ध धारा 6 छग जुआ अधिनियम के तहत् कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया मामले पर पुलिस ने बताया कि टाउन पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि आरोपी सद्दाम उम्र 32 साल निवासी वार्ड न 04 जूना तालाब के पास नैला एवम छोटे लाल उम्र 50 साल निवासी खोखसा चौकी नैला अपने घर के पास अवैध रूप से रूपये पैसे का दांव लगाकर अंको में कागज पेन से सट्टा पट्टी लिखकर खेल रहा है कि सूचना पर जाकर रेड किया मौके पर आरोपी सद्दाम एवम छोटे लाल द्वारा अपने अपने निवास के पास सट्टा पट्टी लिखकर सट्टा खेलाते मिला सट्टा खेलने वाले पुलिस को देखकर भाग गये आरोपी सद्दाम उम्र 32 साल निवासी वार्ड न 04 जूना तालाब के पास नैला एवम छोटे लाल उम्र 50 साल निवासी खोखसा मिला जिसे मौके पर गवाहों के समक्ष मेमोरंडम लिया गया, सद्दाम के कब्जे से सट्टा पट्टी लिखा कागज, डाट पेन एवं नगदी 550 रुपया एवम छोटे लाल के कब्जे से सट्टा पट्टी लिखा कागज, डाट पेन एवम नगदी 10,200 रुपया गवाहों के समक्ष जप्त कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में उप निरीक्षक गजा लाल चंद्राकर एवम चौकी स्टाफ का योगदान रहा।

### 6 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार




जांजगीर, 01 अगस्त (देशबन्धु)। अवैध मादक पदार्थ गांजा बिकी करने हेतु अपने कब्जे में रखने वाला आरोपी के विरुद्ध डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गई कार्यवाही में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से जप्त मादक पदार्थ 06 किलो 300 ग्राम गांजा मिला। आरोपी के विरूद्ध थाना जांजगीर में धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

मामले मे पुलिस ने बताया कि 31 जुलाई को मुखबीर द्वारा सूचना मिला कि मोहन उम्र 36 साल निवासी केरा रोड जांजगीर द्वारा अपने घर में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बिक्री हेतु थैला में रखा हुआ है। सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहों के विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपी के कब्जे से 06 किलो 300 ग्राम गांजा कीमती 60,000/रूपये को जप्त किया जाकर थाना जांजगीर में आरोपी के विरुद्ध अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। आरोपी मोहन उम्र 36 वर्ष साकिन निवासी केरा रोड जांजगीर का कृत्य अपराध धारा सदर का पाये जाने से गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में शैलेन्द्र पांडे उप पुलिस अधीक्षक जांजगीर, संगम सिंह प्रक्षिशु उप पुलिस अधीक्षक, उप निरीक्षक अवनीश श्रीवास्तव, एएसआई बेलसज्जार लकड़ा, ज्ञान प्रसाद खाखा, प्रधानआर सरीफुद्दीन, आर दिलीप सिंह, महिला आर रेणु कुजूर एवम संयुक्त टीम का योगदान रहा।

### एनसीसी इकाई जेडब्ल्यू जेडी के कैडेट ने संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर



**अकलतरा,** 01 अगस्त (देशबन्धु)। अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट अकलतरा द्वारा संचालित संस्था राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला अकलतरा की एनसीसी इकाई जेडब्ल्यू जेडी के कैडेट ने संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 22 से 31 जुलाई तक 7 वीं छ.ग. बटालियन एनसीसी बिलासपुर के तत्वाधान में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में कैंप कमांडेंट कर्नल अमिताभ श्रीवास्तव एडम ऑफिसर संजीव राय सूबेदार मेजर रंजीत कुमार एन.सी.ओ. गुरमीत सिंह बीएचएम आशीष कोल्हापुरी के दिशा निर्देश में सुचारू रूप से संपन्न हुआ। इसमें 600 कैडेट 11 ए.एन.ओ. व पी.आई. स्टॉफ सम्मिलित थे, जिसमें से राजेंद्र कुमार सिंह के जेडब्ल्यू की 15 कैडेट वह 2 कैडेट जेडी एवं थर्ड ऑफिसर मोहम्मद जफरूल्लाह सम्मिलित हुए। कैंप के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित कराई गई, ड्रिल कंपटीशन में राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला के जेडब्ल्यू के कैडेट्स ने ड्रिल प्रदर्शन में प्रथम स्थान प्राप्त किया, साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कैंप के क्लोजिंग सेरिमनी में मुख्य अतिथि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अमित सक्सेना प्रो. वी.सी विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर मनीष श्रीवास गुरु घासीदास विश्वविद्यालय व कर्नल अमिताभ श्रीवास्तव के कर कमलों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया । कर्नल अमिताभ श्रीवास्तव ने कैडेटों के उज्जवल भविष्य की कामना की। अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष विधायक सौरभ सिंह, उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ,सचिव ईश्वर खंडेलिया, एवं ट्रस्ट के समस्त सदस्यगण शाला के प्राचार्य राकेश विश्वकर्मा एवं समस्त स्टाफ ने भी कैडेट के उज्जवल भविष्य की कामना एवं उनके कार्यों की सराहना की।

# 162 नग गुम मोबाइल बरामद,एसपी ने मोबाइल धारकों को लौटाया

### लोगों के चेहरों पर दिखी मुस्कान





**जांजगीर**, 01 अगस्त (देशबन्धु)। जांजगीर चाम्पा पुलिस ने राज्य एवं दीगर राज्यो से 162 नग गुम मोबाइल बरामद किया है, जिसकी कीमती करीबन 23 लाख रुपए आंकी गई है। मोबाइल धारक द्वारा अपनी एंड्रॉइड फोन के गुम होने की सूचना विभिन्न थानों में दिया गया था, जिसकी खोजबीन साइबर सेल जांजगीर द्वारा किया जा रहा था,आज अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा पुलिस लाइन जांजगीर में उक्त मोबाइल धारकों को इसका वितरण किया गया। गुम मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे में मुस्कान देखी गई।

पुलिस अधीक्षक द्वारा अपील की गई है कि अपने मोबाइल को सम्हाल कर रखे यदि गुम या चोरी होती है तो तत्काल दस्तावेज के साथ थाना जाकर सूचना देवे, ज्यादातर मोबाइल हाट बाजार, मेला, मंढई में गुम होते है ऐसे जगहों पर अपने मोबाइल का उपयोग ध्यान से करने हेतु सुझाव दिया। यदि किसी व्यक्ति को रास्ते मे कोई मोबाइल गिरा हुआ मिले तो उसे तत्काल नजदीकी थाने में जमा करे और अच्छे नागरिक होने का परिचय देवें कोई दुकानदार बिना बिल दिये जिसमे ईएमआई न लिखा हो उसे कतई न खरीदे हो सकता है वो मोबाइल चोरी का हो। इसी तारतम्य में उपस्थित लोगो को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सायबर क्राईम एवं सायबर फ्राड से संबंधित जानकारी देते हुए इससे बचाव का उपाय बताया गया तथा अभिवक्ति एप डाउनलोड करा कर उसकी उपयागिता के बारे एवं महिला सुरक्षा संबंधित जानकारी दिया गया। उक्त कार्यवाही में सायबर सेल जांजगीर चाम्पा के अधिकारी/कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# हाफ बिजली बिल योजना से अधिभार होगा आधा, देना होगा 7 पैसे प्रति यूनिट

## बिजली लागत 40 पैसे बढ़ी, आम घरेलू उपभोक्ताओं पर केवल 15–18 पैसे का पड़ेगा भार

**रायपुर** 1 अगस्त ( देशबन्धु) ।केंद्रीय विद्युत मंत्रालय भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार बिजली बिल में वेरियेबल कॉस्ट एडजेस्टमेंट (वीसीए) शुल्क के स्थान पर अब ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार (एफपीपीएएस) अधिरोपित किया जा रहा है। बीते महीने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी व्दारा बिजली लागत में 40 पैसे प्रति यूनिट का इजाफा हुआ है, लिहाजा जुलाई महीने की खपत पर उपभोक्ताओं को 14.23 प्रतिशत ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार लगेगा। यानी उपभोक्ताओं से 400 यूनिट खपत पर 15 से 18 पैसे तक प्रति यूनिट का अभिभार लिया जाएगा। परन्तु राज्य शासन के हाफ बिजली बिल योजना का लाभ मिलने से घरेलू उपभोक्ताओं पर इसका आधा अर्थात् सात से नौ पैसे प्रति यूनिट का भार आएगा।



पूर्व में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के अनुसार बिजली क्रय की निर्धारित दर तथा वास्तविक क्रय की दर के अंतर का समायोजन वीसीए के माध्यम की जाती थी। परन्तु केंद्रीय विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार व्दारा 29 दिसंबर 2022 को अधिसूचित विद्युत (संशोधन) नियम 2022 के अनुसार आयोग ने निर्धारित फार्मूले के अनुसार टैरिफ आदेश में ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार लेने के निर्देश दिए हैं। अब आयोग व्दारा निर्धारित विद्युत क्रय दर एवं पारेषण दर से वास्तविक विद्युत क्रय दर एवं पारेषण दर में अन्तर की राशि को एफपीपीएएस के माध्यम से सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं पर उनके द्वारा खपत की गई विद्युत के उर्जा प्रभार पर प्रतिशत अनुसार किये जाने की व्यवस्था की गई है। मई महीने में ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार 10.29 प्रतिशत की दर से ली गई थी, जो जून महीने में 14.23 प्रतिशत हो गई है। अत: जुलाई में की गई बिजली खपत में ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार 38 पैसे के स्थान पर 53 पैसे प्रति यूनिट अधिरोपित किया जाएगा। इस तरह 100 एवं 200 यूनिट खपत पर 15 पैसे प्रति यूनिट, 300 यूनिट पर 17 पैसे और 400 यूनिट पर 18 पैसे प्रति यूनिट की दर बिल में वृद्धि संभावित है। इसमें राज्य सरकार व्दारा 50 प्रतिशत की छूट प्रदान करने पर सात से नौ पैसे प्रति यूनिट का ही भार पड़ेगा। 500 से एक हजार यूनिट तक खपत करने वाले उपभोक्ताओं के बिल में 19 से 25 पैसे प्रति यूनिट की दर से ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार लिया जाएगा।

# तिलक ने कहा था स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार-विजय

## बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि मनाई गई



**बिलासपुर** 1 अगस्त( देशबन्धु) ।शहर जिला कमेटी द्वारा 1 अगस्त को कांग्रेश भवन में स्वतंत्रता सेनानी गरम दल के नेता बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि मनाई गई उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि कांग्रेस जन दी।इसके पहले पूर्णिया गार्डन स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किए इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विजय पांडे ने कहा की बाल गंगाधर तिलक एक प्रखर राष्ट्रवादी सामाजिक कार्यकर्ता लेखक पत्रकार और गणितज्ञ थे जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश की आजादी के लिए लगा दी उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों की गुप्त संवाद लिए शिवाजी और गणेश उत्सव मनाना प्रारंभ किया जिसे आज पूरा भारत बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाता है स्वतंत्र स्वतंत्रता सेनानियों की विचारों को जनता तक पहुंचाने के लिए केसरी और मराठा नमक दैनिक अखबार निकाला। महापौर रामशरण यादव ने कहा कि बाल गंगाधर तिलक जीवन आज की पीढ़ी को आत्मसात करने की आवश्यकता है जिन्होंने अंग्रेजी सभ्यता की खिलाफत किया और भारतीय संस्कृति सभ्यता पर अटूट विश्वास रखते थे, बाल गंगाधर तिलक बिपिन चंद्र पाल और लाला लाजपत राय को लाल बाल पाल के नाम से जाना जाता है जिनका विचार उदारवादी कांग्रेसी नेताओं से पृथक ।संयोजक सैयद जफर अली हरीश तिवारी ने कहा कि बाल गंगाधर तिलक का जन्म 23 जुलाई अट्ठारह सौ छप्पन को रत्नागिरी जिले के एक छोटा सा कुलीन ब्राह्मण परिवार में हुआ था बाल गंगाधर तिलक बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे अपने अखबारों में लंबा लेख लिखे कारण उन्हें मंडेला जेल में डाल दिया गया फिर भी बाल गंगाधर तिलक के हौसले कभी कम नहीं हुए और निर्भीकता पूर्वक अंग्रेजों का विरोध करते रहे गांधीजी ने उन्हें आधुनिक भारत का

निर्माता कहां तो पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अशांति का अग्रदूत बताया। आज के कार्यक्रम में उपस्थित थे शहर अध्यक्ष विजय पांडे महापौर रामशरण यादव संयोजक सैयद जफर अली हरीश तिवारी विनोद साहू चंद्रप्रकाश बाजपेई माधव चिंतामन उत्तरवार पिंकी बत्रा मनोज शर्मा मनोज शुक्ला सावित्री सोनी शिल्पी तिवारी राम दुलारी रजक कर्म गोरा अनिकेत चौहान रुपेश रोहिदास संतोष गुप्ता मिथलेश एंट्री हेमंत घुसकर दीपक राज तलवार संतोष गुप्ता राजकुमार बंजारे लक्ष्मी जांगड़े अफरोज बेगम विष्णु कौशल स्वदेश नंदिनी ठाकुर संगीत मुद्रा राजस्थान सरकार चंद्रहास केसरवानी संतोष पीपलवा सत्येंद्र तिवारी वीरेंद्र सारथी त्रिभुवन लाल कश्यप मनोज ठाकुर राजकुमार यादव श्रीमती उत्तरा सक्सेना सुभाष ठाकुर रामचंद्र छतरी गौरव मेरी डॉक्टर बद्री जयसवाल प्रियंका यादव विनय महेश्वरी राकेश साहू आदि उपस्थित थे।

# राज्य में 59,933 महिलाएं लापता, सरकार से सफाई नहीं सुरक्षा की दरकार - भूपेंद्र सवन्नी



**बिलासपुर**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। हाल ही में पीआईबी द्वारा जारी आंकड़ों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में महिलाओं और बच्चों को सुरक्षा मुहैया कराने में विफल रही है ।पीआईबी से प्राप्त आंकड़े चौकाने वाले हैं बीते सालों में राज्य की 59,933 महिलाएं लापता हुई है परंतु राज्य सरकार इन आंकड़ों पर चिंतन करना छोड़ अपने प्रवक्ताओं से झूठ बुलवा रही है ।वह सफाई देने का काम कर रही यह कृत्य प्रदेश की जनता को गुमराह करने की एक नाकाम कोशिश है ।कांग्रेस के सत्ता में आसीन होते ही प्रदेश में आपराधिक घटनाएं बढ़ी है अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है सरकार कितनो भी कोशिश कर ले पर इसे झूठला नही सकती श्री सवन्नी कुछ आंकड़े रखते हुए कहा कि आज तारीख में छत्तीसगढ़ से 14017 बेटियां लापता हैं 59,933 महिलाएं गायब हैं ।5000 हजार से भी अधिक महिलाओं के साथ दुष्कर्म हुआ है हजारों हत्याएं हुई हैं अपहरण के 11000 से भी अधिक के मामले प्रदेश के विभिन्न थानों में दर्ज हैं 2019 से 2021के बीच 110 फीसदी यौन उत्पीड़न और छेड़ छाड़ की वारदातें हुई हैं प्रदेश में पुलिसिंग व्यवस्था कोलैप्स हो गई है बावजूद इसके राज्य सरकार नैतिक जिम्मेदारी लेने से बच रही है बढ़ते हुए संगीन अपराधों में अपनी झूठी सफाई देने की बजाए राज्य सरकार छत्तीसगढ़ की जनता को सुरक्षा उपलब्ध कराए ऐसी अपेक्षा है।

## सार-संक्षेप



### योग से शारीरिक व बौध्दिक क्षमता का विकास होता है-रविन्द्र

**बिलासपुर** , 1 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ योग आयोग का महत्वकांक्षी योजना निशुल्क एवं नियमित योग कक्षा विनोबा नगर बिलासपुर का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज 1 अगस्त को स्थापना दिवस के रूप में मनाया गया ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रविंद्र सिंह ठाकुर सदस्य छत्तीसगढ़ योग आयोग एवं समस्त नगरवासी उपस्थित हुए ।इस कार्यक्रम में योगासनों का प्रदर्शन एवं प्राणायामों की जानकारी प्रदान की गई ।साथ ही योग साधकों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कहीं गई ।जिससे योग निरंतर जारी रहे। इस कार्यक्रम में रविंद्र सिंह ने संदेश दिया की योग से शारीरिक एवम् बौद्धिक क्षमता का विकाश होता है। इस प्रकार स्थापना दिवस पर योग साधकों ने अपना अनुभव बतलाते हुए खुशी जाहिर की ।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से योग प्रशिक्षक सतीश कुमार, अतुल शर्मा ,योगिता ,डॉली ,सौम्या, वसुंधरा प्रियंका,नीलू शर्मा , अलका अग्रवाल,साक्षी मेघानी इत्यादि उपस्थित रहे।

### अध्यापक है युग निर्माता-छात्र राष्ट्र के भाग्य विधाता -त्रिलोक



**बिलासपुर** , 1 अगस्त (देशबन्धु)। शिक्षक चाहे वह कोई भी हो, चाहे वह विद्यालय का हो,महाविद्यालय, विश्वविद्यालय का हो,राष्ट निर्माण में युग निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है, और छात्र हमेशा समाज और राष्ट के निर्माण में अपना योगदान देते हैं, किसी भी समाज, प्रदेश या देश का भविष्य वहां के युवाओं,वहां के छात्रों के दक्षता और योग्यता, निष्ठा कार्य लगन पर निर्भर करता है, राज्य मे जबसे भूपेश बघेल मुख्यमंत्री बने हैं, तब से छत्तीसगढ़ का नाम पूरे भारत में गौरवान्वित करने के लिए प्रयासरत है, अब जो बच्चा प्रावीणय सूची में आएगा, उसे मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर में घुमाएंगे, सारी सुविधाएं सरकार दे रही है, आत्मानंद विद्यालय, महाविद्यालय के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों में भी बच्चे अंग्रेजी माध्यम में पढ़ने का अवसर प्राप्त कर रहे हैं,इन सुविधाओं का फायदा उठा कर, आप अपने भविष्य को गढ़े और राष्ट और प्रदेश के निर्माण में सहायक बने। यह बातें बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के रानीगांव में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान जिले के नेता और पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास ने अपने उद्बोधन में कहा।इस दौरान विद्यालय के 38 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया।




प्रकाशक मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। सम्पादक- अशोक शर्मा, प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188